रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-एम.एच.-अ.-21042020-219090
CG-MH-E-21042020-219090

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 147] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 17, 2020/चैत्र 28, 1942
No. 147] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 17, 2020/CHAITRA 28, 1942

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुंबई, 13 मार्च, 2020

सं. टीएएमपी/46/2019-आईजीटीपीएल.—इस प्राधिकरण ने महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48 और 50 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकरण ने इंडिया गेटवे टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (आईजीटीपीएल) से उनके दरमानों में सामान्य संशोधन के बारे में प्राप्त प्रस्ताव का प्राधिकरण की 20 फरवरी 2020 को हुई बैठक में निपटान किया था। लेकिन, इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरमानों के साथ (सकारण) आदेश को अधिसूचित करने में लगने वाले समय को ध्यान में रखकर प्राधिकरण ने संशोधित दरमानों को तत्काल अधिसूचित कराने का निर्णय लिया। तदनुसार, इस प्राधिकरण द्वारा 20 फरवरी, 2020 को अनुमोदित दरमानों के भारत के राजपत्र में 03 मार्च 2020 के राजस्व संख्या 92 में अधिसूचित करा दिया गया। उस अधिसूचना में यह बताया गया था कि यह प्राधिकरण सकारण आदेश बाद में अधिसूचित करायेगा। तदनुसार, यह प्राधिकरण एतद्वारा आईजीटीपीएल के दरमानों के सामान्य संशोधन के प्रस्ताव से संबंधित सकारण आदेश को, इसके साथ संलग्न आदेशानुसार, अधिसूचित करता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

मामला संख्या टीएएमपी/46/2019-आईजीटीपीएल

इंडिया गेटवे टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड --- **आवेदक**

गणपूर्ति:

(i). **श्री टी.एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)**

(ii). **श्री रजत सचर, सदस्य (आर्थिक)**

आदेश

(फरवरी, 2020 के 20वें दिन पारित)

यह मामला इंडिया गेटवे टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (आईजीटीपीएल) से उनके दरमानों के सामान्य संशोधन से संबंधित 28 अगस्त, 2019 के प्रस्ताव से संबंधित है।

2.1. आईजीटीपीएल के मौजूदा दरमान इस प्राधिकरण द्वारा प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के अंतर्गत 17 सितंबर, 2016 के आदेश संख्या टीएएमपी/81/2015-आईजीटीपीएल के द्वारा अनुमोदित किये गए थे जो भारत के राजपत्र में 14 अक्तूबर 2016 के राजपत्र संख्या 380 में अधिसूचित हुए थे। तत्पश्चात्, 15 नवंबर, 2016 के राजपत्र संख्या 2016 में 408 में विस्तृत सकारण आदेश अधिसूचित कराये गए। आदेश में उनकी वैधता 31 मार्च, 2019 तक थी।

2.2. इसके अतिरिक्त, इस प्राधिकरण ने 03 मई, 2019 के आदेश संख्या टीएएमपी/81/2015-आईजीटीपीएल के द्वारा मौजूदा दरमानों की वैधता 30 सितंबर, 2019 तक विस्तारित की थी जो 07 जून, 2019 के राजपत्र संख्या 191 में अधिसूचित हुआ था।

3. इसी बीच एमओएस ने महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 111 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 05 मार्च, 2019 के अपने पत्र संख्या पीआर-14019/20/2009-पीजी (भाग-IV) के द्वारा सभी महापत्तन न्यासों में कार्यरत उन बीओटी प्रचालकों के लिए, जो पहले प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के अंतर्गत शासित होते थे, दिशानिर्देश जारी किये और इस प्राधिकरण को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने का निदेश दिया। महापत्तन न्यासों में कार्यरत उन बीओटी प्रचालकों के लिए प्रशुल्क दिशानिर्देश और जो पहले प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 द्वारा शासित होते थे, भारत के राजपत्र, असाधारण, (भाग 3 खंड 4) में 07 मार्च, 2019 के राजपत्र संख्या 92 में अधिसूचित हुए। तत्पश्चात्, प्रशुल्क नीति 2019 के खंड 1.7 के अनुसार, प्रशुल्क नीति को कार्यान्वित करने के लिए कार्यकारी दिशानिर्देश, महापत्तन न्यासों और प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2005 के द्वारा शासित उनमें कार्यरत बीओटी प्रचालकों, से परामर्श के पश्चात् भारत के राजपत्र में 11 जुलाई, 2019 के राजपत्र संख्या 244 में अधिसूचित हुए।

4.1. इस पृष्ठभूमि में, आईजीटीपीएल ने, जो पहले प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के अंतर्गत शासित थे, 28 अगस्त, 2019 को प्रशुल्क नीति 2019 के अनुसरण में अपने दरमानों के सामान्य संशोधन का प्रस्ताव दायर किया। आईजीटीपीएल ने निम्नलिखित निवेदन किये:

(i). प्रस्ताव का ब्यौरा:

(क). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2.1 के अनुसार, वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) का परिकलन 31 मार्च, 2019 को (2016-17, 2017-18 और 2018-19 के 3 वर्ष के रूप में सुविचारित) 31,235.56 लाख रु. किया गया है।

(ख). चूंकि आईजीटीपीएल के लिए बोली प्रक्रिया 29 जुलाई 2003 से पूर्व निर्णित नहीं हुई थी, इसलिए प्रशुल्क दिशानिर्देश, के खंड 2.2 के अनुरूप एआरआर का परिकलन करते समय पूरे रायल्टी व्यय को अपवर्जित कर दिया गया है।

(ग). चूंकि आईजीटीपीएल के वित्तीय विवरण इंडएएस के अंतर्गत बनाये गए हैं, तत्संबधी इंडएएस समायोजनों को अपवर्जित किया गया हैं और इसके स्थान पर खंड 2.3.2 के अनुसार एआरआर के परिकलन के लिए आईजीएएपी के अनुसार मूल्यह्रास और अन्य समायोजनों को जोड़ लिया गया है।

(घ). इस प्रकार परिकलित एआरआर को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए प्राधिकरण द्वारा घोषित वृद्धि गुणक 4.26% द्वारा सूचकांकित किया गया है। सूचकांकित एआरआर का परिकलन 32,566.19 लाख रु. किया गया है।

(ङ). प्रतिस्पर्धी दरों पर विश्व स्तरीय टर्मिनल सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से, पत्तन का सामान्य कंटेनरों के लिए (लदे और खाली दोनों के लिए) बनाए रखने का प्रस्ताव है विदेशी श्रेणी के अंतर्गत मौजूदा दरों पर और उनमें किसी वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं है। लेकिन, विदेशी रेस्टो, विदेशी हैच कवर्स, विदेशी प्रशीतन प्लग इन प्रभार, विदेशी पीटीआई और विदेशी कंटेनरों के भंडारण प्रभारों में मौजूदा प्रशुल्क पर नाममात्र के 5% की वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव है।

(च). जहां तक तटीय प्रशुल्क का संबंध है, आईजीटीपीएल ने उन्हें भारत सरकार, पोत परिवहन मंत्रालय के नीति निर्देशों और कार्यकारी दिशानिर्देश के खंड 8.3 और प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के हवाले से सामान्य प्रहस्तन प्रभारों के 60% पर मिलाया जाता है।

[ऐसा करते समय, आईजीटीपीएल ने तटीय कंटेनर प्रशुल्क, जिसके विदेशी प्रतिरूप अमरीकी डालर में निर्धारित है और मौजूदा विनिमय दर 1 अमरीकी डालर =71.00 रु है, को पुन:बहाल किया है तब उस पर 60% प्रशुल्क का प्रस्ताव किया है।]

(छ). पोतांतरण कार्गो को आकर्षित करने के उद्देश्य से, आईजीटीपीएल ने तटीय पोतांतरण के प्रति विदेशी भरे प्रशुल्क में 18% और विदेशी खाली प्रशुल्क में 22% की घटौती का प्रस्ताव किया है और उसे सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप विदेशगामी के 60% पर मिलाया जा रहा है।

(ज). संलग्न दरमानों में प्रस्तावित प्रशुल्क भारत सरकार द्वारा यथाघोषित थोक मूल्य सूचकांक के 60% पर सूचकांकित किया जायेगा। ऐसा संशोधन पहली बार 1 मई 2020 को और तत्पश्चात् 1 मई 2021 को होगा।

(झ). खंड 9.3.3 के अनुसार जोखिमपूर्ण और अति आयामी कार्गो के प्रशुल्क और भंडारण प्रभारों के 50% प्रीमियम का प्रस्ताव किया गया हैं।

(j). अमेरिकी डॉलर मूल्यवर्गित राजस्व की गणना के लिए 71/- रु. प्रति अमेरिकी डॉलर की विनिमय दर का प्रयोग किया गया है।

(ii). पूर्वावधि निष्पादन विश्लेषण:

(क). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के खंड 2.13 के अनुसार, मौजूदा प्रशुल्क निर्धारित करते समय सुविचार में लिए गए प्रक्षेपणों के संदर्भ से वास्तविक और वित्तीय निष्पादन की समीक्षा निर्धारित प्रशुल्क वैधता अवधि के अंत में की जायेगी, यदि निष्पादन विचलन प्रक्षेपणों की तुलना में + अथवा – 20% से अधिक है तो प्रशुल्क उत्तरापेक्षी समायोजित किये जायेंगे।

(ख). प्राधिकरण के 17 सितंबर, 2016 के आदेश संख्या टीएएमपी/81/2015-आइजीटीपीएल राजपत्र संख्या 380 में अनुमोदित और यथाप्रदत्त आकलनों की वित्तीय विवरणों के अनुसार वास्तविकों की तुलना नीचे दी गई है:-

	वास्तविक बनाम आकलनों की तुलना				
	2015-16 जनवरी-मार्च	2016-17	2017-18	2018-19	योग
प्रमात्रा (टीईयू)					
आकलन	1,13,286	4,71,300	5,54,400	6,22,600	17,61,586
वास्तविक	1,13,286	4,91,087	5,55,812	5,94,592	17,54,777
विचलन (%)					-0.39%
राजस्व (भारतीय रु लाख में)					
आकलन	5,450.00	22689.25	25,940.75	28,659.85	82,739.85
वास्तविक	5,450.00	22,399.30	25,051.30	28,363.90	81,264.50
विचलन (%)					-1.78%

(ग). ऊपर पैरा (ख) के अनुसार, वास्तविक और वित्तीय निष्पादन दोनों ही 20% से कम हैं। इसलिए, ग्राह्य लागतों और नियोजित पूंजी पर प्रतिफल से अधिक किसी अतिरेक/घाटे को पिछली प्रशुल्क वैधता अवधि से अग्रेनीत नहीं किया जाता है।

4.2. आईजीटीपीएल ने फार्म 1 में वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) का विस्तृत परिकलन और फार्म 3 में प्रस्तावित दर पर राजस्व आकलन प्रस्तुत किया है।

(i). आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत एआरआर परिकलन का सार (फार्म नं.-1 में गणितीय गलती को सुधार कर) नीचे दिया जा रहा है:-

(रु. लाख में)

क्र.सं.	विवरण	वाई1 (2016-17)	वाई2 (2017-18)	वाई3 (2018-19)
(1).	**कुल व्यय (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के अनुसार)**			
(i).	प्रचालन व्यय (मूल्यह्रास सहित)	18,986.30	19,685.00	21,663.21
(ii).	वित्त एवं विविध व्यय (एफएमई)	7,918.90	6,000.93	9,391.94
	कुल व्यय 1=(i)+(ii)	26,905.20	25,685.93	31,055.15
(2).	**उन मदों का समंजन जहां आईएनडीएएस (लेखापरीक्षित लेखाओं के अनुसार) और आईजीएएपी के आंकडों में भिन्नता पाई जाती है।**			
(i).	मूल्यह्रास	(3.67)	(3.67)	(3.67)
(ii).	स्वामी पत्तन को दिया गया पट्टा शुल्क	8.72	7.99	8.42
	समायोजनों का योग 2=(i)+(ii)	5.05	4.32	4.74
(3).	**घटाएं समायोजन:**			
(i).	पत्तन को प्रदत्त वास्तविक रॉयल्टी/राजस्व हिस्सा	7,481.70	8,310.30	9,505.70
(ii).	ऋणों पर ब्याज	5,972.10	5,345.80	7,076.34
(iii).	अप्राप्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान			11.92
(iv).	कम खपत वाली माल सूची के लिए प्रावधान	11.20	2.65	-
(v).	अन्य प्रावधान, यदि कोई हो।			
	3 का योग = [3(i)+3(ii)+3(iii)+3(iv)+3(v)]	13,420.00	13,658.75	16,593.96
(4).	**जोडे: ग्राह्य रॉयल्टी/राजस्व हिस्सा, प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.2 के अनुसार**	-	-	-

(5).	**साभी समायोजनों के पश्चात् कुल व्यय (5=1+2-3)**	13,490.24	12,031.49	14,465.93
(6).	क्रमांक 5 का औसत व्यय = [वाई1+वाई2+वाई3]/3			
(7).	**नियोजित पूंजी**			13,329.22
	(i). सकल स्थायी आस्तियां (संपत्ति, प्लांट और उपस्कर) वाई3 के31 मार्च और वाई3 के 31 दिसंबर को जो बीओटी प्रचालक द्वारा अपनाया गया हो।(आईजीएएपी को अनुसार)			
	(ii). जोडे: प्रगति अधीन कार्य के वाई3 के 31 मार्च और वाई3 के 31 दिसंबर को बीओटी प्रचालक द्वारा अपनाया गया हो।(लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के अनुसार)			1,11,269.04
	(iii). जोड़े: कार्यशील पूंजी प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.6 में निर्धारित प्रतिमानों के अनुसार			
	(क) माल सूची			246.65
	(ख) विविध देनदार			-
	(ग) रोकड़			398.93
	(घ). (क)+(ख)+(ग) का जोड़			645.58
	(iv) कुल नियोजित पूंजी [(i) +(ii) + (iii)]			1,11,914.62
(8).	**नियोजित पूंजी पर 16% प्रतिलाभ क्रमांक. 7(iv)**			17,906.34
(9).	**वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) वाई3 के 31 मार्च 2019 और वाई3 के 31 दिसंबर को [(6)+(8)]**			31,235.56
(10).	**वर्ष वाई4 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100% पर सूचकांकन उदाहरण यदि वाई4 2018-19 के लिए है तब लागू डब्ल्यूपीआई 4.26% है और वर्ष वाई4 के लिए सूचकांकित एआरआर होगा (9) x 1.0426**			**4.26%**
(11).	**सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) जैसा कि ऊपर क्र.सं.10 में दिया गया है।**			**32,566.91**
(12).	**ऊपर क्रमांक 11 पर आकलित अधिकतम सूचकांकित एआरआर के भीतर प्रस्तावित सूचकांकित दरमान, , पर राजस्व आकलन**			**31,554.79**

(ii). प्रस्तावित प्रशुल्क की वैधता अवधि 30 अप्रैल, 2022 तक होगी जो प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2019 के खंड 2.12 और 2.13 के अनुसार मौजूदा प्रशुल्क की आरंभिक समाप्ति के पश्चात् 3 वर्ष है।

(iii). चूंकि विभिन्न फार्मों में दी गई सूचना और वार्षिक लेखे एक निजी कंपनी की गोपनीय सूचना है, आईजीटीपीएल ने इस प्राधिकरण को यह अनुरोध किया है कि उक्त सूचना अथवा दस्तावेज़ों को आम जनता या विभिन्न हितधारकों/व्यापार संस्थाओं को परिपत्रित न करें।

(iv). आकलित एआरआर को पूरा करने के लिए आईजीटीपीएल ने निम्नवत् वृद्धि /(कमी) का प्रस्ताव किया है:-

विवरण	% वृद्धि/कमी
सामान्य व प्रशीतन कंटेनर प्रभार	35% तक
सभी पोतांतरण कंटेनर प्रभार	-18% से 33%
सभी जोखिमपूर्ण और अति आयामीय कंटेनर प्रभार	18% से 36%
घाटशुल्क प्रभार	यथास्थिति
पोतों के हैच कवर प्रहस्तन प्रभार	5% से 71%
पोतों के भीतर कंटेनरों को शिफ्ट करना	5% से 71%
प्रशीतन संबंधी प्रभार	-8% से 5%
भंडारण प्रभार	5%
विविध प्रभार	5%

5.1. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार, लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के सिवा, प्रस्ताव की एक प्रति कोचीन पत्तन न्यास (सीओपीटी) और प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों को उनकी टिप्पणियों के लिए भेजी गई।

5.2. सीओपीटी और संबंधित प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों से प्राप्त विषयक प्रस्ताव पर टिप्पणियों को आईजीटीपीएल को फीडबैक सूचना के तौर पर भेजा गया। आईजीटीपीएल ने 29 अक्तूबर, 2019 के अपने पत्र के द्वारा प्रत्युत्तर दिया। इसके अतिरिक्त, संयुक्त सुनवायी में सीएसएए ने आगे और टिप्पणियां दीं जिन्हें हमारे 22 नवंबर, 2019 के पत्र के द्वारा आईजीटीपीएल को भेजा दिया गया था। इसके बाद उनकी बिंदुवार टिप्पणियों के लिए 10 दिसंबर, 2019 को अनुस्मारक भी भेजा गया। आईजीटीपीएल ने 16 जनवरी, 2020 को अपने ई-मेल द्वारा उत्तर दिया।

6. इस मामले में, 19 नवंबर, 2019 को सीओपीटी परिसर में एक संयुक्त सुनवायी का आयोजन किया गया। आईजीटीपीएल ने अपने प्रस्ताव का पॉवर प्वाईंट प्रस्तुतीकरण दिया। संयुक्त सुनवाई में सीओपीटी, आईजीटीपीएल और संबंधित प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों और प्रतिनिधि- निकायों ने अपने-अपने निवेदन रखे।

7. जैसा संयुक्त सुनवाई में सहमति बनी, आईजीटीपीएल को हमारे 22 नवंबर, 2019 के पत्र के द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद 10 दिसंबर, 2019 को अनुस्मारक भी भेजा गया।

(i). संयुक्त सुनवाई में अधिकतर प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों ने तटीय कंटेनरों के लिए प्रस्तावित वृद्धि पर आपत्ति उठायी। तटीय कंटेनरों की कुछेक श्रेणियों के प्रशुल्क में अत्यधिक वृद्धि का कारण यह है कि आईजीटीपीएल तटीय कंटेनर की इस दर पर इस तरह पहुंचा है कि उसने प्रचलित विनियम दर के साथ पुनर्बहाली करने के पश्चात उस पर 60% का मिलान किया है। प्रत्येक सामान्य संशोधन के दौरान तटीय कार्गो/कंटेनर प्रहस्तन दर के लिए प्रचलित विनिमय दर की पुनर्बहाली अनुमत करने के लिए सरकार की तटीय रियायत नीति को नहीं बदला है। जैसा आईजीटीपीएल ने संयुक्त सुनवाई में स्वीकार किया, आईजीटीपीएल को प्रस्ताव का परीक्षण करने तथा 29 नवंबर, 2019 तक संशोधित प्रस्ताव दायर करने का अनुरोध किया गया।

(ii). आईजीटीपीएल को उक्त मुद्दों पर प्राधिकरण को 29 नवंबर, 2019 तक प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। आईजीटीपीएल द्वारा दायर किये जाने वाले संशोधित प्रस्ताव की प्रति सीओपीटी को भी भेजी जाए।

8. पैरा नं. 7 बिंदु संख्या (i) पर संयुक्त सुनवाई में निर्णित कार्रवाई बिंदु के संदर्भ में, आईजीटीपीएल ने 29 नवंबर, 2019 के पत्र के द्वारा राजस्व का संशोधित प्रकलन, प्रसुतावित दरमान और राजस्व का संशोधित आकलन प्रस्तावित दर पर प्रस्तुत किया, जिसका सार इस प्रकार है:-

(i). आईजीटीपीएल ने संशोधित प्रस्तावित दरमान में, तटीय कंटेनरों का प्रशुल्क निकालने के लिए प्रचलित विनियम दर के पुनर्बहाली प्रभाव को हटा दिया है। आईजीटीपीएल ने अब विदेशगामी कंटेनर और तटीय कंटेनर के लिए वहां एक समान वृद्धि चाही है, जहां विदेशगामी कंटेनर के लिए प्रशुल्क अमरीकी डालर में निर्धारित है। संशोधित दरमान में प्रस्तावित वृद्धि आगे के आगामी पैराओं में सारणीबद्ध की गई है और इसलिए यहां नही दोहरायी जा रही है।

(ii). संशोधित प्रस्तावित दरमान में संशोधित राजस्व आकलन मूल प्रस्ताव में आकलित 315.55 करोड़ रु. के स्थान पर 324.62 करोड़ रु. है।

9.1. प्रस्ताव की आरंभिक संवीक्षा के आधार पर, आईजीटीपीएल को हमारे 10 दिसंबर, 2019 के पत्र द्वारा कुछेक मुद्दों पर 26 दिसंबर, 2019 तक अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया गया था। हमारे द्वारा मांगी गई अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण और उन पर आईजीटीपीएल द्वारा दिये गए उत्तर का सार नीचे सारणीबद्ध किया जाता है:

क्र.सं.	हमारे द्वारा मांगी गई सूचना	आईजीटीपीएल का उत्तर
1.	**वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) (फार्म नं. 1)**	
(i).	प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.3.2 के अनुसार इंडएएस और आईजीएएपी के अंतर्गत व्यय में विचलन के मामले में, एआरआर परिकलन में इंडएएस आंकड़ों को छोड़कर और आईजीएएपी के आंकडों को शामिल करते हुए आवश्यक समायोजन किया जाना होगा। इस संबंध में, आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत फार्म 6 (क), का क्रमांक 2 में इंड एएस से आईजीएएपी को वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए क्रमश: 8.72 लाख रु., 7.99 लाख रु. और 8.42 लाख रु. लाख रु. की राशि को एआरआर परिकलन के प्रयोजन से पट्टा किराये का समायोजन दर्शाया है। इस संबंध में आईजीटीपीएल निम्न को स्पष्ट करे:	
	(क) टिप्पणी 3 में अंतर्गत दिये गए तथा वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 4 ख के साथ पठित भू प्रयोग अधिकार की टिप्पणी ख से यह समझ आता है कि आईजीटीपीएल ने स्वामी पत्तन को पट्टा शुल्क के लिए वर्ष 2016-17 से वर्ष 2018-19 तक क्रमश: 8.72 लाख रु., 7.89 लाख रु. और 8.42 लाख रु. लाख रु. पर एआरआर परिकलन के प्रयोजन से किया है। आईजीटीपीएल विस्तृत टिप्पणी के साथ इन आंकड़ों के समर्शन में गणना प्रस्तुत करे।	(i). आईजीटीपीएल को लाइसेंस करार (एलए), अनुलग्नक 1 के रूप में संलग्न है, के खंड 5.3 (ग) के अनुसार सीओपीटी को 'लाइसेंस शुल्क' का भुगतान करना अपेक्षित है। वर्ष 2017-18 से 2018-19 के दौरान प्रदत्त वास्तविक राशि 8.72 लाख रु., 7.89 लाख रु. और 8.42 लाख रु. है। संबंधित बीजकों की प्रतिया अनुलग्नक II के रूप में संलग्न हैं। [संलग्न अनुलग्नक- II बीजक नहीं हैं। वे खाता बही शेष प्रतीत होते हैं।] (ii). सभी पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य को "भू- प्रयोग का अधिकार" पूंजीगत कर दिया गया है और साथ ही एक दायित्व लेखा भी बनाया गया है। इन भुगतानों को पी एंड एल को डेबिट नहीं किया गया है परंतु इन्हें

<table>
<tr><td></td><td></td><td>इंड एएस 116 के अनुरूप दायित्व लेखे को अंतरिम किया गया है। लेकिन अमूर्त आस्ति रियायत जीवन से अधिक पर अमार्टइज किया गया है। उक्त अमूर्त आस्ति पर अमार्टइजेशेन को सुविचार में नहीं लिया है। अत: फार्म 6क में आईजीएएपी के अनुसार मूल्यह्रास तथा अमार्टजेशेन लेखाबहियों के अनुसार डी एंड ए 3.67 रु. से कम है।
(iii). आईजीएएपी के अनुसार, लाइसेंस शुल्क को व्यय लेखे को डेबिट किया जाना है। ऐसा वित्तीय वर्ष 2015-16 तक किया गया। इसी कारण से उक्त राशि को फार्म 6क में जोड़ा गया है।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ख) आईजीटीपीएल यह भी पुष्टि करे कि आरओसीई के लिए सुविचारित सकल स्थायी आस्तियां भू प्रयोग अधिकार से संबंधित अमूर्त आस्तियों को लेखबद्ध नहीं करती।</td><td>आईजीटीपीएल एतद् द्वारा पुष्टि करता है कि सकल स्थायी आस्तियां भू प्रयोग अधिकार से संबंधित अमूर्त आस्तियों को लेखबद्ध नहीं करती।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ग) आईजीटीपीएल सीओपीटी को प्रदत्त वास्तविक पट्टा किराये की पुष्टि करे।</td><td>सीओपीटी को प्रदत्त वास्तविक पट्टा किराया वि. वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक क्रमश: 8.72 लाख रु., 7.89 लाख रु. और 8.42 लाख रु. लाख रु. है।</td></tr>
<tr><td>(ii).</td><td>(क) आइजीटीपीएल ने, प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.3 (ii) के अनुसार, वर्ष 2018-19 में अप्राप्य और संदिगध ऋणों के लिए 11.92 लाख रु. और वर्ष 2016-17 और 2017-18 में क्रमश: 11.92 लाख रु. और 2.65 लाख रु. धीमी खपत वाली माल सूची के अपवर्जन के लिए सुविचार में लिए हैं। इन आंकड़ों को लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं से क्रास चैक नहीं किया जा सकता। आईजीटीपीएल पुष्टि करे कि लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में इन मदों को किन शीर्षों के अंतर्गत लिया गया है।</td><td>अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान के मामले में वर्ष 2018-19 के लिए टिप्पणी 23 अन्य व्यय के अंतर्गत शीर्ष "वित्तीय आस्तियों पर क्रेडिट हानियों के लिए अलाउंस " देखें।
धीमी खपत वाली माल सूची के मामले में, इसे वित्तीय विवरणों की टिप्पणी-19 के अंतर्गत प्लांट और मशीनरी की मरम्मत और अनुरक्षण लागतों में मिला दिया गया है। लेकिन, सत्यापन के लिए खाताबही की प्रतियां अनुलग्नक- III के रूप में संलग्न हैं।</td></tr>
<tr><td></td><td>(ख) प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 का खंड 2.3 (ii) ऋणों पर ब्याज, अप्राप्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान, धीमी खपत वाली माल सूची के लिए प्रावधान आदि को वार्षिक राजस्व अपेक्षा के परिकलन से अपवर्जन की अपेक्षा रखता है। आईजीटीपीएल के 2016-17 के लेखापरीक्षित लेखे 3.6 लाख रु. तक की वित्तीय आस्ति पर क्षत हानि का प्रावधान दर्शाते हैं, उसे भी अपवर्जित किया जाना चाहिए क्योकि यह प्रावधान उस किस्म का है जिसे प्रशुल्क दिशानिर्देशों के उक्त खंड के अनुसार एआरआर परिकलन में अपवर्जन के लिए लेखबद्ध नहीं किया गया है।</td><td>एआरआर परिकलन में भूल से उक्त राशि को अपवर्जित नहीं किया गया था। आईजीटीपीएल इसे प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.3 (ii) के अनुरूप अपवर्जन को सहमत है।</td></tr>
<tr><td>(iii).</td><td>टिप्पणी 23 – अन्य व्यय के अंतर्गत 185.90 लाख रु. और 1803.10 लाख रु. वित्तीय आस्तियों और देयतायों की वसूली और परिवर्तन पर विनिमय हानि के रूप में दर्शाया गया है। आईजीटीपीएल इन मदों का ब्यौरा दे और प्रत्येक मद के संबंध में स्पष्टीकरण दे कि क्या विनिमय हानि विदेशी मुद्रा के वास्तविक भुगतान पर हुई है अथवा लेखांकन मानकों को पूरा करने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में आस्तियों और देयताओं के पुनर्बहाली के कारण हुई है। आईजीटीपीएल को विदेशी मुद्रा में वास्तविक भुगतान के संबंध में विदेशी मुद्रा हानि को ही (विदेशी मुद्रा लाभ के समायोजन के पश्चात्) लेखबद्ध करना चाहिए। ऋण/आस्ति/व्यय के पुनर्बहाल के हवाले से होने वाले विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ या हानि को प्रशुल्क निर्धारण के समय सुविचार में नहीं लिया जाता। इसी प्रक्रिया को तत्कालीन प्रशुल्क दिशानिर्देश 2015 के अंतर्गत शासित सभी बीओटी प्रचालकों द्वारा समान रूप से अनुपालन किया जाता है।</td><td>(क) कथित राशि को संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान हुई विनिमय हानि ही माना गया है क्योंकि विनिमय हानि को वित्तीय वर्ष के आदि में विनिमय की दर के संदर्भ से परिकलित किया जाता है। कृपया नोट करें कि पिछले वर्षों में वसूल नहीं हुए विनियम लाभ/हानि के रूप में अनुमत नहीं किये गए।
इसलिए, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए कथित देयताओं की बुकिंग के समय आरओई के हवाले से देयताओं के वास्तविक पुनर्भुगतान पर विनिमय लाभ/हानि को निम्नलिखित परिकलित किया जाता है:-
<table>
<tr><th>वित्तीय वर्ष</th><th>(लाख रु. में)</th></tr>
<tr><td>2016-17</td><td>115.11</td></tr>
<tr><td>2017-18</td><td>197.88</td></tr>
<tr><td>2018-19</td><td>3060.74</td></tr>
</table>
इसलिए यह अपेक्षित है कि प्रत्येक वर्ष के ग्राह्य व्यय को निम्नवत् संशोधित किया जाय:-
<table>
<tr><th>विवरण</th><th>वि.व. 2016-17</th><th>वि.व. 2017-□□</th><th>वि.व. 2018-19</th></tr>
<tr><td>फार्म 1 के अनुसार</td><td>13,490.24</td><td>12,031.49</td><td>14,465.93</td></tr>
<tr><td>घटा: प्रत्येक हानि 1(i)(क)</td><td>3.60</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>घटा: अन्य व्यय (टिप्पणी 23)</td><td>-</td><td>185.87</td><td>1,803.10</td></tr>
<tr><td>जमा: वास्तविक भुगतान पर विदेशी मुद्रा हानि</td><td>**115.11**</td><td>**197.88**</td><td>**3,060.74**</td></tr>
<tr><td>संशोधित ग्राह्य व्यय</td><td>**3,601□□5**</td><td>**12,043.50**</td><td>**15,723.57**</td></tr>
</table>
(ख). तत्पश्चात्, आईजीटीपीएल ने 16 जनवरी 2020 के अपने ई-मेल के</td></tr>
</table>

द्वारा आगे और स्पष्ट किया कि आईजीटीपीएल ने वित्तीय वर्ष 2014-15 में एडीसीबी से (50,000,000 अमरीकी डालर) और स्टैंडर्ड चार्टर्ड से (15,000,000 अमरीकी डालर) ईसीबी ऋण लिया है जो कुल मिला कर 65,000,000 अमरीकी डालर बनते है। इन ऋणों को डीपी वर्ल्ड लिमिटेड दुबई से निगमित गारंटी अधीन हैं। उक्त निगमित गारंटी के प्रति एडीसीबी के बकाया ऋण पर डीपी बर्ल्ड लि. को @1.5% प्रति वर्ष की दर से मासिक आधार पर कमीशन दिया जाता है। कृपया, आाईजीटीपीएल द्वारा लिये गए विभिन्न उधारों के ब्यौरे के लिए वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 12 देखें। इस प्रकार, बड़े विदेशी मुद्रा भुगतानों में ईसीबी ऋणों का पुनर्भुगतान डीपी वर्ल्ड को देय गारंटी कमीशन और डीपी वर्ल्ड लि. को प्रबंधन शुल्क भी शामिल है।

(ग) जहां तक विदेशी ऋण के पुनर्भुगतान का संबंध है, कृपया यह नोट करें कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में ईसीबी ऋणों को चालू विनियम दर पर पुनर्लेखन किया जाता है तथा अप्राप्य लाभ/हानि को, तत्कालीन आईजीएएपी के अंतर्गत लेखांकन मानक 11 के अनुपालन में, लाभ-हानि खाते को डेबिट किया जाता है। लेकिन, अप्राप्त विनिमय दर लाभ/हानि को पिछले प्रशुल्क आदेशों में प्राधिकरण द्वारा हिसाब में नहीं लिया गया है। प्राधिकरण का 5 अगस्त, 2009 का आदेश संख्या टीएएमपी/25/2008, अनुलग्नक 1 (पृष्ठ 56) में वित्तीय वर्ष 2005-06 से वि.व. 2008-09 तक के अतिरेक/घाटे का आकलन और 17 सितंबर, 2016 का प्राधिकरण आदेश संख्या टीएएमपी/81/2015-आईजीटीपीएल अनुलग्नक 7 (ग) (पृष्ठ 66) में वि.व. 2010-11 से 2015-16 तक में अतिरेक/घाटा शामिल है। उक्त गणना में, विदेशी मुद्रा हानि को अप्राप्य लेखांकित हानियों के रूप में सुविचार में नहीं लिया गया था।

(घ) इसलिए, आईजीटीपीएल ने प्रत्येक वित्तीय वर्ष की सारी वित्तीय लागतों को फिर से जोड़ दिया है। उक्त वित्तीय लागत शीर्ष में ईसीबी ऋण के पुनर्लेखन अप्राप्त लाभ/हानि में जोड़ लिया है। इसके अतिरिक्त, आईजीटीपीएल ने ग्राह्य व्यय में से अप्राप्त विदेशीमुद्रा हानियों की सारी राशि को समायोजित कर दिया है, जैसा एएफएस की टिप्पणी 23 में दिया गया है अर्थात् वित्तीय वर्ष 2017-18 और वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए क्रमश: 185.87 लाख रु. और 1803.10 लाख रु.।

(ङ) अब आईजीटीपीएल ने उक्त देयताओं की बुकिंग के समय विदशी मुद्रा विनिमय दर के हवाले से प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए देयताओं के वास्तविक पुन: भुगतान पर विदेशी मुद्रा विनियम पर लाभ /हानि का परिकलन किया है जिसे अर्हक व्यय के रूप में अवश्य स्वीकार किया जाये। प्रत्येक वित्तीय वर्ष. के लिए विदेशी मुद्रा विनिमय दर लाभ /(हानि) का परिकलन इस प्रकार है:-

i) विदेशी मुद्रा ऋण के पुनर्भुगतान पर विनिमय दर लाभ (हानि)

वि.व. 2015-16 (जनवरी से मार्च) शून्य

वि.व. 2016-17 ₹(116.68) लाख

वि.व. 2017-18 ₹ (203.24) लाख

वि.व. 2018-19 ₹ (425.97) लाख

ii) विदेशी मुद्रा देयताओं के भुगतान पर विनिमय दर लाभ /(हानि):

वि.व. 2015-16 (जनवरी से मार्च) ₹ (8.41) लाख

वि.व. 2016-17 ₹ (58.22) लाख

वि.व. 2017-18 ₹42.45 लाख

वि.व. 2018-19 ₹ (2,391.77) लाख

इसलिए यह अपेक्षित है कि प्रत्येक वर्ष के ग्राह्य व्यय को एआरआर में सुविचार में लिया जाए।

विनिमय दर हानियों की गणना और तत्संबंधी साक्ष्य प्रस्तुत हैं।

आईजीटीपीएल ने तदनुसार फार्म 1 को संशोधित कर दिया है, वह भी प्रस्तुत है।

विनिमय दर हानियों की गणना का सार इस प्रकार है:-

(लाख रु. में)

क्र.सं.	मद	वि.व. 2015-16 (जन.-मार्च)	वि.व. 2016-17	वि.व. 2 17-18	वि.व. 2018-19
(i).	डीपी वर्ल्ड	(8.41)	(31.40)	5.52	(29.32)

<table>
<tr><td></td><td></td><td>
<table>
<tr><td></td><td>लिमिटेड को गारंटी कमीशन के भुगतान पर</td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(ii).</td><td>डीपी वर्ल्ड को प्रबंधन शुल्क के भुगतान पर</td><td>0.00</td><td>(26.82)</td><td>36.93</td><td>(2,362.45)</td></tr>
<tr><td></td><td>विदेशीमुद्रा देयताओं के पुनर्भुगतान पर कुल विनिमय पर हानि</td><td>(8.41)</td><td>(58.22)</td><td>4.45</td><td>(2,391.77)</td></tr>
<tr><td>(iii).</td><td>ईसीबी ऋण के पुनर्भुगतान पर</td><td>-</td><td>(116.68)</td><td>(203.24)</td><td>(425.97)</td></tr>
<tr><td></td><td>कुल विनिमय दर लाभ/ (हानि)</td><td>(8.41)</td><td>(174.90)</td><td>(160.79)</td><td>(2,817.74)</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>(iv).</td><td>वर्ष 2016-17 के वार्षिक लेखे शीर्ष अन्य व्ययां के अंतर्गत 1504.3 लाख रु. के विविध व्यय दर्शा रहे हैं। टिप्पणी संख्या 24 (ii) बताती है कि यह लाइसेंस करार के दायित्व को निर्वहन करने में लाइसेंस प्रदाता को आरोप्य व्यापार में हानि के लिए आईजीटीपीएल द्वारा सीओपीटी पर किये गए दावे के हैं जिन्हें मई 2017 में आईजीटीपीएल के पक्ष पंचार अवार्ड के आधार पर वर्ष 2016-17 में लेखबद्ध किया गया। कृपया इस मद को अपवर्जित करें। यह स्पष्ट करें कि यह प्राकृति में प्रचालन व्यय कैसे है। आईजीटीपीएल द्वारा सीओपीटी पर किया गया दावा प्राप्त होने पर आईजीटीपीएल की आय होगी। इसे व्यय कैसे समझा गया? आखिरकार यह प्रासव्य ही हो सकता है।</td><td>जबकि आईजीटीपीएल ने हानि के लिए सीओपीटी के विरूद्ध विधिक कार्रवाई आरंभ की थी, सीओपीटी ने भी आईजीटीपीएल के विरूद्ध विभिन्न मामलों में वाद डाला था। उन दावों में एक दावा फरवरी 2011 से दिसंबर 2015 तक सीआईएसएफ कार्मियों की तैनाती की लागत का दावा भी शामिल था। सीओपीटी द्वारा किया गया कुल दावा 18.20 करोड़ रु. था जबकि आईजीटीपीएल ने इसे अपनी बहियों में 15.03 करोड़ रु. प्रबुद्ध मामले के रूप में, ही दर्शाये थे। इसके अतिरिक्त, 12 मई, 2017 के पंचाट अवार्ड के अनुसार, यह निर्णय दिया जाता है कि सीआईएसएफ की तैनाती की लागत आईजीटीपीएल द्वारा वहन की जायेगी। इस प्रकार वि.व. 2016-17 के दौरान आईजीटीपीएल द्वारा 15.03 करोड़ रु. का प्रावधान, प्रबुद्ध मामले के रूप में, और स्वतंत्र विधिक राय के आधार पर किया गया था।</td></tr>
<tr><td>(v).</td><td>(क) कार्यशील पूंजी के परिकलन से संबंधित फार्म संख्या 3 में (मानकों के अनुसार), आईजीटीपीएल ने क्रमांक (iii) पर 398.93 लाख रु. के रोकड़ को सुविचार में लिया है जिसे कार्यकारी दिशानिर्देश के खंड 2.6 के अनुरूप नहीं पाया गया है। कार्यशील पूंजी परिकलन के लिए रोकड़ व्यय को ठीक किया जाए और वर्ष 2018-19 के एक माह के रोकड़ व्यय के रूप में सुविचार से लिया जाए। व्याखा के लिए, आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत लागत विवरण में, रोकड़ व्यय 754.41 लाख रु. है (यानी वर्ष 2018-19 के लिए ग्राह्य व्यय 14465.93 – 5413.02 मूल्यह्रास/ 12 = 754.41 लाख रु.) । आईजीटीपीएल संशोधित लागत विवरण के आधार पर आवश्यक आशोधन करे जिससे प्रशुल्क दिशानिर्देशों का अनुपालन हो।</td><td>टिप्पणी को नोट किया और तदनुसार अनुपालन किया जायेगा।
इस संबंध में, ऊपर क्रमांक I (iii) देखने का कष्ट करें, जहां आईजीटीपीएल ने वि. व. 2018-19 की ग्राह्य कार्यशील पूंजी की पुनर्गणना की है। तदनुसार, लागत विवरण के प्रयोजन से ग्राह्य रोकड़ व्यय को निम्नवत् परिकलित किया गया और उसे संशोधित लागत विवरण में सुविचार में लिया गया है:
(रु. लाख में)
<table>
<tr><td>कुल ग्राह्य व्यय</td><td>₹ 15,723.57</td></tr>
<tr><td>घटा: मूल्यह्रास</td><td>₹ 5,413.02</td></tr>
<tr><td>वार्षिक रोकड़ व्यय</td><td>₹ 10,310.55</td></tr>
<tr><td>एक माह का व्यय</td><td>₹ 859.21</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>राजस्व आकलन (फार्म 4)</td><td></td></tr>
<tr><td>(i).</td><td>जहां तक फार्म 4 में प्रस्तुत राजस्व आकलन का संबंध है, रेस्टो कंटेनरों से प्रस्तावित प्रशुल्क तटीय, क्रमांक 6(ख) यानी (क) के सिवा कंटेनर अंतरण के लिए आईजीटीपीएल ने 20', 40' और 45' से अधिक के कंटेनरों के लिए क्रमश: 2705.85 रु. 4058.77 रु. और 5411.71 रु. सुविचार में लिए हैं। प्रशुल्क एक्सैल गणना पत्रक में, नामत: "प्रशुल्क, समेकित प्रशुल्क दर्शाता है जिसमें क्यूसी से यार्ड को परिवहन लिफ्ट ऑन/लिफ्ट ऑफ के 20', 40' और 45' से अधिक के कंटेनरों के लिए क्रमश: 4809.75 रु. 7214.71 रु. और 9619.47 रु. भी शामिल हैं, जिन्हें आईजीटीपीएल द्वारा विदेशी रेस्टो कंटेनरों के लिए अपनायी गइ पद्धति के आधार पर लेखबद्ध किया गया है। इसलिए आईजीटीपीएल राजस्व आकलन में आवश्यक संशोधन करे।</td><td>टिप्पणी को भली भांति नोट कर लिया है। हमने फार्म 4 में आवश्यक संशोधन कर दिये हैं।</td></tr>
<tr><td>(ii).</td><td>"प्रशुल्क" नामक एक्सेल गणना पत्रक में, अनुसूची 1.4 के अंतर्गत खाली कंटेनर के लिए लिफ्ट ऑफ/लिफ्ट ऑन का प्रशुल्क प्रस्तावित करने के लिए, आईजीटीपीएल ने मौजूदा प्रशुल्क पर 20% वृद्धि का प्रस्ताव किया है और कुछ राशि भी जोड़ा है। इस प्रकार, वृद्धि विदेशगामी कंटेनर के लिए 69% और तटीय कंटेनर के लिए 80% बनती है प्रस्तावित प्रशुल्क निकालने के लिए जोड़ के रूप में दर्शायी</td><td>कृपया तटीय खाली के 20' की दर को देखें।
मौजूदा प्रशुल्क 2361.05 रु. ("प्रशुल्क" शीट का सैल एस60) 20% की वृद्धि का अर्थ प्रस्तावित प्रशुल्क 2779.26 रु. (सैल एएफ60)
कृपया सैल संख्या एओ60 देखे, जो यह दर्शाता है कि समग्रता में, तटीय प्रशुल्क 44.37 है और तटीय भरा विदेशगामी का 52.32% है (सैल एओ78)</td></tr>
</table>

	गई राशि को स्पष्ट करें। इसके इस मद के तटीय कंटेनर हेतु प्रस्तावित प्रशुल्क, तटीय रियायत नीति से मेल नहीं खाता है यानी यह विदेशगामी कंटेनर की दर के 60% से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसलिए, आईजीटीपीएल अनुसूची 1.4 में खाली तटीय कंटेनर की दर को आशोधित करे जिससे यह सरकार की तटीय रियायत नीति के अनुरूप रहे।	इस प्रकार, समग्र तटीय दर विदेशगामी दर के 60% से भी कम है जैसा सरकार का अधिदेश है। बाद में, आईजीटीपीएल ने 16 जनवरी, 2020 के अपने ई-मेल के द्वारा आगे और बताया कि आईजीटीपीएल ने तटीय रियायत नीति के अनुपालन में तटीय प्रशुल्क में आवश्यक संशोधन किया है। तदनुसार, आईजीटीपीएल ने दरमान में संशोधन किया है और उसे प्रस्तुत भी किया है।
3.	**दरमान:**	
(i).	लाइसेंस करार (एलए) के खंड 4.2 के अनुसार, अंतराष्ट्रीय कंटेनर पोतांतरण केंद्र और क्षेत्र में बड़े प्रतिस्पर्धी पत्तनों में पर प्रशुल्क के मौजूदा स्तर के साथ प्रतिस्पर्धी होनी चाहिए। इस संबंध में आईजीटीपीएल पुष्टि करे कि अपने दरमानों के सामान्य संशोधन के लिए दायर संशोधित प्रस्ताव लाइसेंस करार के खड 4.2 के अनुरूप हैं।	आईजीटीपीएल पुष्टि करता है कि संशोधित दरमानों के अंतर्गत प्रस्तावित प्रशुल्क मौजूदा अंतरराष्ट्रीय पोतांतरण केंद्रों और क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी पत्तनों के मौजूदा प्रशुल्क स्तर के साथ प्रतिस्पर्धी हैं।
(ii).	सामान्य निबंधन और शर्तें: इस प्राधिकरण आईजीटीपीएल सहित सभी महापत्तन न्यासों और उनमें कार्यरत बीओटी प्रचालकों के लिए समय-समय पर कॉमन अडाप्शन आदेश पारित किये हैं और सभी महापत्तन न्यासों और उनमें कार्यरत बीओटी प्रचालकों, आईजीटीपीएल सहित, उन्हें दरमानों में उपयुक्त टिप्पिणयां शामिल करने का अनुरोध किया गया था। लेकिन आईजीटीपीएल ने प्रस्तावित दरमानों में निम्नलिखित कॉमन अडाप्शन आदेशों के अनुपालन में उपयुक्त टिप्पणियां अंतर्विष्ट नहीं की हैं।	कृपया आईजीटीपीएल के प्रस्तावित दरमान का भाग 2 देखें। उक्त खंडों को 2016 में प्रशुल्क संशोधन के दौरान पहले ही जोड़ दिया गया था। [आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तावित दरमान में संशोधित खंडों को नहीं जोड़ा गया है।]
	(क). (i). पोत संबंधी प्रभारों (वीआरसी) की उगाही के लिए पोत के वर्गीकरण की प्रणाली और पोत संबंधी प्रभारों की उगाही के मानदंड तथा रियायती तटीय दर से संबंधित 26 नवंबर, 2015 के कॉमन अडाप्शन आदेश संख्या टीएएमपी/53/2015-वीओसीपीटी में 10 जून 2016 का संशोधन आदेश संख्या टीएएमपी/53/2015-वीओसीपीटी ।	
	(ii). वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर और सीमाशुल्क बोर्ड द्वारा जारी 11 मई 2018 की अधिसूचना संख्या 38/2018-सीमाशुल्क (एनटी) के निबंधन में एक भारतीय पत्तन से दूसरे भारतीय पत्तन को श्रीलंका अथवा बांग्लादेश के सीमांतर्गत जल क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जलयानों और कार्गो के लिए रियायती तटीय प्रशुल्क संबंधी उपबंधों के निर्धारण के बारे में 26 नवंबर 2015 के कॉमन अडाप्शन आदेश संख्या टीएएमपी/53/2015-वीओसीपीटी में 25 सितंबर, 2018 के संशोधन आदेश संख्या टीएएमपी/53/2015-वीओसीपीटी	
	(ख). इस प्राधिकरण ने एक कॉमन अडाप्शन आदेश के रूप में 24 जुलाई 2019 को आदेश संख्या टीएएमपी/12/2019-एमयूसी पारित किया जिसके द्वारा सभी महापत्तन न्यासों और उनमें कार्यरत बीओटी प्रचालकों के दरमानों में दिल्ली-मुंबई कारिडोर विकास निगम (डीएमआईसीडीसी) द्वारा प्रदान की जाने वाली संभरण डाटा बैंक सेवा के लिए कंटेनरों पर अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभारों की 2 वर्ष की अवधि के लिए सभी महापत्तन न्यासों और उनमें कार्यरत बीओटी प्रचालकों को कॉमन अडाप्शन आदेश के अनुसार उगाही करनी है, यह आईडीटीपीएल पर भी लागू है। आईजीटीपीएल अपने दरमानों में इन कॉमन आदेशों में अनुबद्धताओं को अंतर्विष्ट करें।	हमने टिप्पणी को नोट कर लिया है और प्रस्तावित दरमान में इस अंतर्विष्ट किया है। कृपया संशोधित दरमान का अध्याय XVII देखें।
(iii).	आईजीटीपीएल ने नई प्रशुल्क मदों का प्रस्ताव किया है अर्थात 20’ कंटेनर के लिए 1800/-रु. रेडियोलॉजिकल स्कैनिंग प्रभार, 20’ कंटेनर के लिए 800 रु. प्रति कंटेनर शिपिंग बिल/ अन्य सीमाशुल्क दस्तावेजों की प्रिंटिंग के लिए। प्रस्तावित नई प्रशुल्क मदों के लिए आधार स्पष्ट करें। राजस्व आकलन में नई मदों से राजस्व को लेखबद्ध नहीं किया गया है। आईजीटीपीएल इन नई मदों के संभावित राजस्व को शामिल करे चाहे वर्ष 2018-19 में कोई राजस्व अर्जित न भी हुआ हो।	आईजीटीपीएल ने किसी रेडियोएक्टिव सामग्री के लिए कंटेनर को स्कैन करने हेतु रेडियो पोर्टल मानीटर की स्थापना और कार्यान्वित किया है। यह विशेषकर अनकतरे/धातु के कबाड़ वाले कंटेनरों के लिए है। इसलिए हमने इन कंटेनरों की स्कैनिंग के लिए 1800/- रु. प्रति 20’ प्रभार का प्रस्ताव किया है। इससे 54 लाख रु. का राजस्व आकलित किया है। आईजीटीपीएल ने निर्यात कंटेनरों और/अथवा आयात/डीपीटी कंटेनरों के लिए आऊट ऑफ चार्ज (ओओसी) के शिपिंग बिल प्रिंट करने के लिए 800/- रु. प्रति 20’ कंटेनर के लिए उगाही के लिए प्रभारित करने का प्रस्ताव किया है। इसमें अतिरिक्त मानव शक्ति आईटी हार्डवेयर कनैक्शन आदि की लागते शामिल हैं। इसलिए इन लागतों की वसूली अलग प्रभार से करने का प्रस्ताव है। उक्त दोनों मदों से राजस्व को राजस्व आकलन में

		शामिल कर लिया गया है।
4.	**पूर्वावधि अतिरेक:**	
(i).	प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 का खंड 3.1.2 अनुबद्ध करता है कि उन प्रचालकों के मामले में जिन्होंने न्यायालयों से संपर्क नहीं किया है, इस दिशानिर्देश के अंतर्गत पहले प्रशुल्क निर्धारण की अवधि तक के अतिरेक/घाटें को प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के खंड 2.13 के अनुसार निपटाया जाये। नीचे पुन:उद्धरत है:- *"विद्यमान प्रशुल्क नियत करते समय आश्रित पूर्वानुमानों के संदर्भ में निर्धारित प्रशुल्क वैधता अवधि के अंत में वास्तविक और वित्तीय निष्पादनों की समीक्षा की जायेगी। यदि निष्पादनों में पूर्वानुमानों की तुलना में 20% से अधिक अथवा कम परिवर्तन देखा जाता है तो प्रशुल्क को बाद में समायोजित किया जायेगा। ऐसा करते समय प्राप्त किये जा चुके लाभ/हानि का 50% प्रशुल्क को संशोधित करते समय समंजित किया जायेगा।"* इसलिए, आईजीटीपीएल वास्तविक और वित्तीय निष्पादन और पूर्व के प्रशुल्क चक्र में हिसाब में लिए गए आकलनों का समीक्षा विवरण प्रस्तुत करे जैसा तत्कालीन प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के अंतर्गत प्रशुल्क संशोधन के समय किया गया था और यदि वास्तविक और वित्तीय प्रतिमानों में आकलित एआरआर में +/-20% परिव्‍र्तन होता है तो आवश्यक समंजन करें।	कृपया हमारे 28 अगस्त, 2019 के द्वारा प्राधिकरण को प्रस्तुत प्रस्ताव की विशिष्टताओं सहित कवरिंग पत्र को देखे। पूर्वावधि निष्पादन की वास्तविक भौतिक और वित्तीय निष्पादनों की तुलना मूल प्रस्ताव में दिये गए तथा प्राधिकरण के पिछले आदेश के अनुसार की गई है। उक्त पत्र अनुलग्नक IV के रूप में इसके साथ संलग्न है। दोनों ही वाल्यूम (वास्तविक) और राजस्व (वित्तीय) आकलनों के 20% से अधिक नहीं हुए और इसलिए एआरआर आकलन में किसी समंजन की आवश्यकता नहीं है। तत्पश्चात् आईजीटीपीएल ने अपने 16 जनवरी, 2020 के ई-मेल के द्वारा यह और बताया कि उक्त के अतिरिक्त, इसने तुलनात्मक पिछले आदेश में प्राधिकरण द्वारा सुविचारित और तुलनात्मक अवधि के वास्तविकों के साथ, भी प्रस्तुत की है। इनको उक्त अनुलग्नक में दिया गया है। आइजीटीपीएल ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के, प्राधिकरण के पिछले आदेश में सुविचारित, अंतरिम आकंडों की लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के अनुसार वास्तविक के साथ तुलना भी प्रस्तुत की है।
(ii).	प्राधिकरण ने 17 सितंबर, 2016 के पिछले संशोधन आदेश संख्या टीएएमपी/81/2015- आईजीटीपीएल (सकारण आदेश) में पैरा 10(iii)(ठ)(क)(छ) और पैरा 10(iii)(II).(iv). पूर्वावधि विश्लेषण में प्रबंधन सेवा शुल्क को स्वीकार करते समय और आईसीटीटी के लिए प्रशुल्क निर्धारण करते समय आईजीटीपीएल को सलाह दी थी कि अगली समीक्षा के समय आय कर प्राधिकारियों से 2013-14 से प्रत्येक वर्ष का आय कर निर्धारण आदेश प्रस्तुत करें जिसमें यह दिखाया गया हो कि आय कर विभाग ने लागत की इस मद का स्वीकार कर लिया है और यह भी पुष्टि करे कि आईजीटीपीएल ने भुगतान कर दिये हैं। यदि ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गए तो अब अनुमत व्यय को आगामी प्रशुल्क समीक्षा के दौरान सैट-आर्फ कर दिया जायेगा। इसलिए, आईजीटीपीएल वि.व. 2013-14 से आगे के वर्षों के आय कर निर्धारण आदेश प्रस्तुत करे ताकि यह पता चल सके कि आय कर प्राधिकारियों ने व्यय को अनुमत कर दिया है।	हम वर्ष 2013-14 और 2014-15 के आय कर निर्धारित आदेश अनुलग्नक V के रूप में संलग्न कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए आय कर निर्धारण अभी चल रहा है। हम आदेश के प्राप्त होते ही भेज देंगे। तत्पश्चात्, आईजीटीपीएल ने 16 जनवरी, 2020 के ई-मेल के द्वारा वि.व. 2013-14 (वित्तीय वर्ष 2014-15), तथा वित्तीय वर्ष (2015-16) तथा (वित्तीय वर्ष 2016-17) के निर्धारण आदेश भेज दिये हैं।
(iii).	इसके अतिरिक्त, पिछले संशोधन के दौरान पूर्वावधि विश्लेषण में वर्ष 2015-16 के सितंबर 2015 तक के और जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक के प्रशुल्क निर्धारण में सुविचारित आंकड़े वर्ष 2015-16 के अंतरिम लेखाओं पर आधारित थे। आदेश के पैरा 10(iii)(ii)(vii) में यह बताया गया है कि वर्ष 2015-16 के आंकड़े की समीक्षा, हर हाल में अगली, समीक्षा के दौरान की जायेगी। इसलिए, आईजीटीपीएल, पिछले संशोधन के दौरान सुविचारित अंतरिम लेखाओं के अनुसार लेखापरीक्षित लेखाओं के वास्तविकों के साथ तलना प्रस्तुत करे, ताकि पिछले आदेश का अनुपालन हो सके।	आईजीटीपीएल ने 16 जनवरी, 2020 के ई-मेल के द्वारा पूर्वावधि अतिरेक का परिकलन प्रस्तुत किया है, जिसमें पिछले आदेश में प्राधिकरण द्वारा सुविचारित अंतरिम लेखाओं की तुलना वित्तीय वर्ष 2015-16 के लेखापरीक्षित लेखाओं से की गई है।
5.	प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 1.9 के अनुसार बीओटी प्रचालक संबंधित महापत्तन न्यास के साथ किये गए मौजूदा रियायत करार में दिये गए प्रावधानों से बंधा रहेगा। साथ ही साथ, बीओटी प्रचालक संबंधित महापत्तन न्यास के साथ इन दिशानिर्देशों से बंधे रहने की सहमति के लिए पृथक करार करेगा। आईजीटीपीएल एमओएस के 9 मार्च, 2019 के पत्र संख्या पीआर-14019/20/2009-पीजी(भाग **IV)** के द्वारा सीओपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों के भेजे गए निर्धारित प्रपत्र में सीओपीटी और आईजीटीपीएल के बीच विधिवत् हस्ताक्षरित भेजे।	आईजीटीपीएल विधिवत् निष्पादित करार जनवरी के प्रथम सप्ताह में भेज देगा। तत्पश्चात्, आईजीटीपीएल ने 16 जनवरी 2020 के ई-मेल द्वारा यह स्वीकार किया कि विधिवत् निष्पादित करार जनवरी के तीसरे सप्ताह में भेज देगा।

9.2. हमारे 10 दिसंबर 2019 के पत्र के द्वारा सीओपीटी को यह अनुरोध किया गया कि हमारे द्वारा कुछेक मुद्दों पर मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण 26 दिसंबर, 2019 तक दें। प्रत्युत्तर में सीओपीटी ने 27 दिसंबर, 2019 के ई-मेल द्वारा अपना उत्तर दिया। हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण और सीओपीटी द्वारा दिया गया उत्तर नेची सारणीबद्ध किया जाता है:-

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण</th><th>सीओपीटी का उत्तर</th></tr>
<tr><td>(i).</td><td>प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.3.2 के अनुसार यदि इंडएएस और आईजीएएपी के अधीन प्रतिवेदित व्यय में कोई अंतर हो तो इंडएएस आंकड़ों को अलग रखते हुए और आईजीएएपी के अनुसार आंकड़ों पर विचार करते हुए एआरआर में जरूरी समायोजन किये जायेंगे। इस संबंध में, आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत फार्म 6क, क्रमांक 2, पट्टा किराये पर कुल व्यय के वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए क्रमश: 8.72 लाख रु., 7.99 लाख रु. और 8.42 लाख रु. दर्शाता है। लेकिन, आईजीटीपीएल के वार्षिक लेखे इन तीन वर्षों के पट्टा किराये दर्शाते ही नहीं। आईजीटीपीएल और सीओपीटी के बीच हुए लाइसेंस करार का खंड 5.3 (ग) टर्मिनल विकास, अतिरिक्त भूमि, बर्थ निर्माण और रेलवे साइडिंग के विकास के लिए भूमि हेतु आईजीटीपीएल द्वारा सीओपीटी को संदेय लाइसेंस शुल्क संबंधी उपबंध निर्धारित करता है। आइ्जीटीपीएल द्वारा वर्ष 2016-17 से 2018-19 के वर्षों के लिए सीओपीटी की दिया गया वास्तविक पट्टा किराया, यदि कोई हो, सूचित करें।</td><td>आईजीटीपीएल द्वारा प्रदत्त वास्तविक पट्टा किराया, निम्नवत् है:
<table><tr><th>2016-17</th><th>2017-18</th><th>2018-19</th></tr><tr><td>₹11,11,875*</td><td>₹8,00,844</td><td>₹ 8,28,844</td></tr></table>
*घाट क्षेत्र में लाइसेंस शुल्क के 1,12,363 रु. और 2015-16 के बकाया पट्टा किराया के 1,85,874 रु. शामिल हैं।</td></tr>
<tr><td>(ii).</td><td>आईजीटीपीएल द्वारा फार्म नं. 1 में प्रस्तुत एआरआर परिकलन पर भी टिप्पणियां दें।</td><td>एआरआर परिकलन पर कोई टिप्पणी नहीं।</td></tr>
<tr><td>(iii).</td><td>फार्म नं. 4 में, अजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक वास्तविक यातायात, जैसा नीचे दिया गया है, दर्शाया है और राजस्व आकलन के लिए औसत यातायात 5,47,181 टीईयू दर्शाया है। सीओपीटी आईजीटीपीएल द्वारा उक्त वर्षों के लिए सुविचारित वास्तविक याताया त और 5,47,181 टीईयू औसत यातायात की पुष्टि करें।
<table><tr><th colspan="3">वास्तविक यातायात टीईयू में</th><th rowspan="2">औसत</th></tr><tr><th>वाई1 (2016-17)</th><th>वाई2 (2017-18)</th><th>वाई3 (2018-19)</th></tr><tr><td>491,087</td><td>555,812</td><td>594,644</td><td>547,□□1</td></tr></table></td><td>आईजीटीपीएल द्वारा सूचित वास्तविक यातायात सही है।</td></tr>
<tr><td>(iv).</td><td>आईजीटीपीएल द्वारा फार्म संख्या 4 में यथा प्रस्तुत प्रशुल्क के प्रस्तावित स्तर पर राजस्व आकलन पर टिप्पणी करें।</td><td>राजस्व आकलन पर कोई टिप्पणी नहीं।</td></tr>
<tr><td>(v).</td><td>आईजीटीपीएल के वर्ष 2016-17 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में "अन्य व्यय" शीर्ष के अंतर्गत 1,504.3 लाख रु. के विविध व्यय सूचित किये हैं। 24 (ii) में अंतर संबद्ध टिप्पणी में यह बताया गया है कि यह आईजीटीपीएल द्वारा सीओपीटी पर लाभ की हानि के दावे के हैं क्योंकि लाइसेंस प्रदाता की ओर से लाइसेंस के दायित्वों को निभाने में विलंब किया था और आईजीटीपीएल ने इसे आईजीटीपीएल के पक्ष में मई 2017 में पंचाट निर्णय के आधार पर लेखबद्ध किया है।</td><td>आईजीटीपीएल ने पंचाट ट्रिब्यूनल के समक्ष 300 करोड़ रु. का दावा दायर किया था, इसके प्रति पत्तन ने 1070.71 करोड़ रु. का प्रति दावा दायर किया जिसमें पूंजीगत और अनुरक्षण तलकर्षण कार्य, पोत संबंधी प्रभारों की वसूली में हानि, सुविधाओं के न्यून उपयोग के कारण राजस्व हिस्से की हानि, आईसीटीटी में सीआईएसएफ की तैनाती, 1.4.2005 से 28.02.2011 तक पत्तन कर्मचारियों की तैनाती के दौरान छुट्टी वेतन और उपदान की प्रतिपूर्ति, से संबंधित दावे हैं। पंचाट ने वास्तव में 12 मई, 2017 को निर्णय दिया। लाइसेंस अवधि के आरंभ की तारीख का मुद्दा आईजीटीपीएल के पक्ष में गया। आईसीटीटी में सीआईएसएफ की तैनाती, छुट्टी का वेतन, पेंशन और उपदान के अंशदान के बारे में ट्रिब्यूनल ने कहा कि आईजीटीपीएल को लागत को वहन करना चाहिए परंतु राशि नहीं बताई। पंचाट ट्रिब्यूनल ने आदेश में बताया कि दोनों पक्षों को आपसी सहमति से राशि का फैसला करना है कि दावेदार को कितनी राशि देनी है। भारत के महान्यायवादी की विशिष्ट राय के आधार पर, सीओपीटी ने माननीय जिला न्यायालय, एर्नाकुलम में 16.08.2017 को पंचाट ट्रिब्यूनल के 12.05.2017 आदेश के विरूद्ध याचिका दायर की। चूंकि दोनों में से किसी के भी पक्ष में राशि का निर्णय नहीं दिया गया अत: आईजीटीपीएल का 2016-17 में लाभ की हानि सही नहीं है।</td></tr>
</table>

(vi).	लाइसेंस करार (एलए) के खंड 4.2 के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कंटेनर पोतांतरण केंद्र और क्षेत्र में बड़े प्रतिस्पर्धी पत्तनों में पर प्रशुल्क के मौजूदा स्तर के साथ प्रतिस्पर्धी होनी चाहिए। इस संबंध में सीओपीटी पुष्टि करे कि आईजीटीपीएल दरमानों के सामान्य संशोधन के लिए दायर संशोधित प्रस्ताव लाइसेंस करार के खड 4.2 के अनुरूप हैं।	प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 5.8 के अनुसार, दरमानों में निर्धारित दरें अधिकतम स्तर की हैं। इसी प्रकार रियायतें और छूटें निम्नतय स्तर की हैं। बीओटी प्रचालक, यदि चाहे तो, कम दरें प्रभारित कर सकता है और/अथवा उच्च रियायत और छूट दे सकता है। आईजीटीपीएल दरमान की दरों पर रियायतें मामला–दर-मामला आधार पर देता है। पिछले 5 वर्षों के दौरान आईजीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित कुल प्रमात्रा में 11.50% की वृद्धि हुई हैं। लेकिन, पोतांतरण प्रमात्रा आइजीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित कुल प्रमात्रा का 5% ही है।
(vii).	प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 1.9 के अनुसार बीओटी प्रचालक संबंधित महापत्तन न्यास के साथ किये गए मौजूदा रियायत करार में दिये गए प्रावधानों से बंधा रहेगा। साथ ही साथ, बीओटी प्रचालक संबंधित महापत्तन न्यास के साथ इन दिशानिर्देशों से बंधे रहने की सहमति के लिए पृथक करार करेगा। आईजीटीपीएल एमओएस के 9 मार्च, 2019 के पत्र संख्या पीआर-14019/20/2009-पीजी (भाग IV) के द्वारा सीओपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों के भेजे गए निर्धारित प्रपत्र में सीओपीटी और आईजीटीपीएल के बीच विधिवत् हस्ताक्षरित भेजे।	आईजीटीपीएल को पृथक करार निष्पादन के लिए अभी प्रस्तुत करना है।

10.1. अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण भेजते समय, जैसी पिछले पैराओं में चर्चा की गई है, आईजीटीपीएल ने 20 दिसंबर, 2019 और 16 जनवरी 2020 के अपने ई-मेल के द्वारा संशोधित फार्म 1 (एआरआर) और संशोधित फार्म 4 (राजस्व आकलन) सहित संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। संशोधित प्रस्ताव के मुख्य मुद्दे इस प्रकार हैं:-

(i). **प्रस्ताव की विशिष्टियां:**

(क). आईजीटीपीएल ने विदेशी मुद्रा विनियम दर लाभ/हानि से संबंधित समायोजन अंतर्विष्ट किये हैं अर्थात् वर्ष के अंत में पुनर्कथन के कारण विनियम लाभ/हानि को अपवर्जित किया है और देयताओं के पुनर्भुगतान की वजह से वास्तविक विनियम दर लाभ/हानि को लेखबद्ध किया है।

(ख). आईजीटीपीएल ने निर्धारित मानकों के अनुसार रोकड़ संबंधी कार्यशील पूंजी के आंकड़ों को संशोधित किया है।

(ग). संशोधित एआरआर का परिकलन प्रशुल्क दिशानिर्देश के खंड 2.1 के अनुसार वर्ष 2019-20 के लिए 4.26% के सूचकांकन गुणक लागू करने के पश्चात् 331.23 करोड़ रु. किया है।

(घ). प्रतिशत के निबंधन से संशोधित दरमान में प्रस्तावित प्रशुल्क वृद्धि, मुख्य प्रशुल्क मदों के लिए निम्नानुसार है:-

विवरण	**विदेशगामी**		**तटीय**	
	लदे	**खाली**	**लदे**	**खाली**
सभी सामान्य और प्रशीतन कंटेनर प्रभार				
लैशिंग/अनलैशिंग, स्टोवेज योजना सहित गैंट्री क्रेन प्रभार	13%		13%	
क्यूसी से यार्ड और इसके विपरीत परिवहन	13%	20%	13%	20%
कंटेनर यार्ड से रेल यार्ड इसके विपरीत परिवहन	13%	20%	13%	20%
क्वे से प्राप्त करने समय लिफ्ट ऑन/लिफ्ट ऑफ के लिए कंटेनर यार्ड में प्रहस्तन	13%	69%	13%	80%
ग्राहकों से और सुपुर्दगी/प्राप्ति के लिए ट्रक/रेल से प्रहस्तन	13%	69%	13%	80%
सभी पोतांतरण कंटेनर प्रभार	5%		5%	
सभी जोखिमपूर्ण और अति आयामी कंटेनर प्रभार	36%	-	36%	-
घाट शुल्क प्रभार	13%	20%	13%	20%
भंडारण प्रभार	5%		5%	
विविध प्रभार	5%		5%	

(ङ). आईजीटीपीएल ने संशोधित प्रस्तावित दर पर संशोधित राजस्व आकलन प्रस्तुत किया है। अमरीकी डॉलर मूल्य वर्ग के लिए विनिमय दर 70/- रु. है।

(च). संशोधित एआरआर का परिकलन:

क्र.सं.	विवरण	वाई1 (2016-17)	वाई2 (2017-18)	वाई3 (2018-19)
(1).	**कुल व्यय (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के अनुसार)**			
(i).	प्रचालन व्यय (मूल्यह्रास सहित)	18,986.30	19,685.00	21,663.21
(ii).	वित्त एवं विविध व्यय (एफएमई)	7,918.90	6,000.93	9,391.94
	कुल व्यय 1=(i)+(ii)	26,905.20	25,685.93	31,055.15
(2).	**उन मदों का समंजन जहां आईएनडीएएस (लेखापरीक्षित लेखाओं के अनुसार) और आईजीएएपी के आंकडों में भिन्नता पाई जाती है।**			
(i).	मूल्यह्रास	(3.67)	(3.67)	(3.67)
(ii).	स्वामी पत्तन को दिया गया पट्टा शुल्क	8.72	7.99	8.42
	समायोजनों का योग 2=(i)+(ii)	5.04	4.32	4.74
(3).	**घटाएं समायोजन:**			
(i).	पत्तन को प्रदत्त वास्तविक रॉयल्टी/राजस्व हिस्सा	7,481.70	8,310.30	9,505.70
(ii).	ऋणों पर ब्याज	5,927.10	5,345.80	7,076.34
(iii).	अप्राप्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान			11.92
(iv).	कम खपत वाली माल सूची के लिए प्रावधान	11.20	2.65	-
(v).	वित्तीय परिसंपत्तियों / देयताओं के रुपांतरण पर विनिमय हानि	3.60		
(vi).	विदेशी मुद्रा लाभ /हानि वित्तीय विवरणों के नोट 23 के तहत बुक		185.87	1,803.10
	जोड़ें: समायोजन			
(vii).	देनदारियों के चुकौती पर वास्तविक विनिमय हानि	183.31	160.79	2,817.74
	3 का योग = [3(i)+3(ii)+3(iii)+3(iv)+3(v)+3(vi)-3(vii)]	13,240.30	13,683.82	15,579.32
(4).	**जोडे: ग्राह्य रॉयल्टी/राजस्व हिस्सा, प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.2 के अनुसार**			
(5).	**सारे समायोजनों के पश्चात् कुल व्यय**	13,669.95	12,006.42	15,480.57
(6).	क्रमांक 5 का औसत व्यय = [वाई1+वाई2+वाई3]/3	13,718.98		
(7).	**नियोजित पूंजी**			
	(i). सकल स्थायी आस्तियां (संपत्ति, प्लांट और उपस्कर) वाई3 के 31 मार्च और वाई3 के 31 दिसंबर को जो बीओटी प्रचालक द्वारा अपनाया गया हो।(आईजीएएपी के अनुसार)	1,11,269.04		
	(ii). जोडे: प्रगति अधीन कार्य के वाई3 के 31 मार्च और वाई3 के 31 दिसंबर को बीओटी प्रचालक द्वारा अपनाया गया हो।(लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के अनुसार)	-		
	(iii). जोड़े: कार्यशील पूंजी प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.6 में निर्धारित प्रतिमानों के अनुसार			
	(क) माल सूची	246.65		
	(ख) विविध देनदार	-		
	(ग) रोकड़	838.96		
	(घ). (क)+(ख)+(ग) का जोड़	1,085.61		
	(iv) कुल नियोजित पूंजी [(i) +(ii) + (iii)]	1,12,354.65		
(8).	**नियोजित पूंजी पर 16% प्रतिलाभ क्रमांक. 7(iv)**	17,976.74		
(9).	**वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) वाई3 के 31 मार्च 2019 मार्च और वाई3 के 31 दिसंबर को**	31,695.72		

	[(6)+(8)]	
(10).	**वर्ष वाई4 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100% पर सूचकांकन उदाहरण यदि वाई4 2018-19 के लिए है तब लागू डब्ल्यूपीआई 3.45% है और वर्ष वाई4 के लिए सूचकांकित एआरआर होगा (9) x 1.0345**	**4.26%**
(11).	**जैसा कि ऊपर दिया गया क्र.सं.10 सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर)**	**33,045.96**
(12).	**अधिकतम सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा के भीतर प्रस्तावित सूचकांकित दरमान, ऊपर क्रमांक 11 पर आकलित, पर राजस्व आकलन**	**32,466.74**

(छ). आईजीटीपीएल ने व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रभारित सभी संबंधित फार्म प्रस्तुत किये हैं।

(ज). आईजीटीपीएल ने 22 जनवरी, 2020 के अपने पत्र के साथ विवरण भी प्रस्तुत किये हैं और विदेशी मुद्रा विनिमय दर परिवर्तन के कारण होने वाले लाभ/हानि को वास्तविक भुगतान के अनुसार, व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित करवाकर, प्रभाव को भी प्रस्तुत किया है।

10.2. प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 1.9 के अनुसार बीओटी प्रचालक संबंधित महापत्तन न्यास के साथ किये गए मौजूदा रियायत करार में दिये गए प्रावधानों से बंधा रहेगा। साथ ही साथ, बीओटी प्रचालक संबंधित महापत्तन न्यास के साथ इन दिशानिर्देशों से बंधे रहने की सहमति के लिए पृथक करार करेगा। आईजीटीपीएल एमओएस के 8 मार्च, 2019 के पत्र संख्या पीआर-14019/20/2009-पीजी (भाग IV) के द्वारा सीओपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों के भेजे गए निर्धारित प्रपत्र में सीओपीटी और आईजीटीपीएल के बीच विधिवत् हस्ताक्षरित भेजे।

11. इस मामले में परामर्श संबंधी कार्रवाई इस प्राधिकरण के कार्यालयी रिकॉर्ड में उपलब्ध है। संबंधित पक्षों द्वारा दिए गए मतों का सार उनको पृथक रूप से प्रेषित किया जाएगा। ये विवरण हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

12. मामले के संसाधन के दौरान एकत्र की गई सूचना की समग्रता के आधार पर निम्नलिखित सूचना उभर कर सामने आती है:

(i). इंडिया गेटवे टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (आईजीटीपीएल) के दरमान पिछली बार इस प्राधिकरण द्वारा 17 सितंबर, 2016 के आदेश संख्या टीएएमपी/81/2015-आईजीटीपीएल, प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के अनुपालन में, किये गए थे, जो लागत जमा कीमत मॉडल को अनुबद्ध करते थे। दरमान की वैधता 31 मार्च, 2019 निर्धारित की गई थी।

बाद में, इस प्राधिकरण ने 03 मई, 2019 को आदेश संख्या टीएएमपी/81/2015-आईजीटीपीएल के द्वारा मौजूदा दरमानों की वैधता को, आईजीटीपीएल के अनुरोध पर 30 सितंबर 2019 तक बढ़ा दिया जिसे 01 जून 2019 के राजपत्र संख्या 191 में अधिसूचित किया गया था।

(ii). पोत परिवहन मंत्रालय(एमओएस) ने, महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 111 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एमओएस द्वारा उन बीओटी प्रचलकों के लिये प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 जारी किये जो पहले प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 द्वारा शसित थे। प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 जारी किये जाने के परिणामस्वरूप, आईजीटीपीएल के प्रशुल्क निर्धारण का कार्य प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2019 और प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 को कार्यान्वित करने के लिए जारी कार्यकारी दिशानिर्देशों में अंतर्विष्ट अनुबद्धताओं द्वारा शासित होगा।

प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 और प्रशुल्क दिशानिर्देशों को कार्यान्वित करने के लिए जारी कार्यकारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत आईजीटीपीएल द्वारा अपने दरमानों के सामान्य संशोधन के लिए 28 अगस्त, 2019 को प्रस्ताव दायर किया था। अगस्त, 2019 के अपने मूल प्रस्ताव में, आईजीटीपीएल ने तटीय कंटेनरों की कुछ श्रेणियों के लिए प्रशुल्क में अत्यधिक वृद्धि का प्रस्ताव किया है अर्थात् लदे और खाली तटीय पोतांतरण कंटेनर क्रमश: 33% और 26% जबकि इसके प्रतिरूप विदेशगामी कंटेनरों के लिए घटौती का, और सामान्य लदे तथा खाली तटीय कंटेनरों में 14% व 35% की वृद्धि जबकि इसके प्रतिरूप विदेशगामी श्रेणी के लिए यथास्थिति बनाये रखने का प्रस्ताव किया है। इसका प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों ने घोर विरोध किया जैसे इंडियन शिप आनर्स एसोसिएशन (इनसा), कोचीन स्टीमर एजेंट्स एसोसिएशन आदि। तटीय श्रेणी के लिए दरों के प्रस्ताव में अत्यधिक वृद्धि इसलिए हुई क्योंकि आईजीटीपीएल ने इनका प्रचलित विनिमय दर के साथ पुनर्लेखन करने और तब उसके 60% पर पैगिंग करके निकाला है, जो सरकार की तटीय रियायत नीति के अनुरूप नहीं है। प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों द्वारा किये गए पुनजोर विरोध को देखते हुए और हमारे द्वारा आईजीटीपीएल को बतायी गई सरकार की तटीय रियायत नीति को ध्यान में रखकर आईजीटीपीएल ने विदेशगामी कंटेनर और तटीय कंटेनर के बीच प्रस्तावित दरों में अत्यधिक अंतर को करते हुए संशोधित प्रस्ताव दायर किया। आईजीटीपीएल द्वारा संशोधित प्रस्ताव में प्रस्तावित प्रशुल्क वृद्धि को पूर्व के पैराओं में सारणीबद्ध किया गया है इसलिए उसे दोहराने की जरूरत नहीं है। आईजीटीपीएल द्वारा 20 दिसंबर, 2019 के पत्र के द्वारा और 16 जनवरी, 2020 तथा 22 जनवरी 2020 के ई-मेल के द्वारा दायर अंतिम संशोधित प्रस्ताव के साथ संशोधित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर), संशोधित प्रारूप दरमान ओर इस मामले में विवेचना के दौरान आईजीटीपीएल द्वारा किये गए निवेदनों के साथ आशोधित राजस्व आकलन पर इस विश्लेषण में सुविचार के लिए लिया जाता है। आईजीटीपीएल ने व्यवसायरत सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित संशोधित लागत विवरण और आशोधित राजस्व आकलन भी प्रस्तुत किया है।

(iii). (क). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 का खंड 2.1 प्रत्येक बीओटी प्रचालक से वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) के निर्धारण की अपेक्षा करता है जो प्रस्ताव के प्रस्तुत करते समय तत्काल पहले के तीन वर्षों (वाई1), (वाई2) और (वाई3) के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के अनुसार औसत व्ययों के योग की औसत है तथा यह प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के और इस प्राधिकरण द्वारा जारी कार्यकारी दिशानिर्देशों के खंड 2.2, 2.3.1 और 2.3.2 में निर्धारित कुछेक अपवर्जनों के अधीन होगा जमा वाइ3 के 31 मार्च को ली गई नियोजित पूंजी के 16% पर प्रतिफल लिया जायेगा जो एक व्यवसायरत चार्टरित लेखाकार/लागत लेखकार द्वारा विधिवत प्रमाणित हो।

(ख). आईजीटीपीएल ने तीन वर्षों अर्थात 2016-17 (वाई 1), 2017-18 (वाई 2), और 2018-19 (वाई 3), की कार्यरत सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित वार्षिक राजस्व आवश्यकता का आकलन किया है। एआरआर का निर्धारण करते समय आईजीटीपीएल ने प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.2, 2.3.1 और 2.3.2 में निर्धारित उन व्ययों का अपवर्जन किया है जो एआरआर परिकलन में ग्राह्य नहीं हैं। आईजीटीपीएल ने प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 और कार्यकारी दिशानिर्देश के खंड 2.2, 2.3.1 और 2.3.2 में निर्धारित उपबंधों के अनुसार निम्नलिखित समायोजन किये हैं जिन का विशेष उल्लेख किया जा रहा है:

(i). प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2019 का खंड 2.2 अन्य बातों के साथ-साथ यह अनुबद्ध करता है कि बीओटी प्रचालक द्वारा स्वामी पत्तन को देय रॉयल्टी/राजस्व का प्रशुल्क परिकलन के लिए यथाग्राह्य लागत के रूप में अनुमेय नहीं होगा जिनकी बोली प्रक्रिया 29 जुलाई, 2003 से पहले पूरी हो गयी है, एआरआर परिकलन में प्रशुल्क परिकलन में अगले उच्चतम बोली लगाने वाले तक हिसाब में ली जायेगी। प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2019 का खंड 2.3.1(ii) के अनुसार रॉयल्टी/राजस्व हिस्सा भुगतान की हद तक प्रशुल्क निर्धारण के लिए ग्राह्य नहीं है उसे खंड 2.2 के अनुपालन में अपवर्जन करना होगा।

आईजीटीपीएल के मामले में, बोली 29 जुलाई, 2003 के बाद में हुई है, आईजीटीपीएल लाइसेंस करार की संबंधित शर्त और सरकार द्वारा जारी प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.3.1 (ii) के अधिकार प्रशुल्क परिकलन में राजस्व को पास-थ्रू का पात्र नहीं है। राजस्व हिस्से को पिछले प्रशुल्क आदेश में लागत के रूप में स्वीकार नहीं किया गया था। आईजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के प्रत्येक वर्ष के कुल व्यय के 7481.70 लाख रु., 8310.30 लाख रु. और 9505.71 लाख रु. तक के राजस्व हिस्से का एआरआर परिकलन में से ठीक ही अपवर्जित किया है।

(ii). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.3.1(ii) के अनुसार, ऋण पर ब्याज, अप्राप्य और संदिग्ध उधारों के लिए प्रावधान, कम खपत वाली माल सूची आदि को अपवर्जित किया जाना है। तदनुसार, आईजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के वर्षों में, क्रमश: 5927.10 लाख रु. 5345.80 लाख रु. और 7076.34 लाख रु. ऋणों पर ब्याज के; वर्ष 2018-19 में 11.92 लाख रु. अप्राप्य और संदिग्ध उधारों के लिए प्रावधान तथा वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए क्रमश: 11.20 लाख रु., 2.65 लाख रु. और शून्य कम खपत वाली मालसूची के अपवर्जित किये हैं। वर्ष 2016-17 के आईजीटीपीएल का लेखापरीक्षित वार्षिक लेखा वित्तीय आस्तियों पर 3.60 लाख रु. तक की हानि दर्शाता है। आईजीटीपीएल ने इसे भी एआरआर परिकलन में से अपवर्जित किया है क्योंकि यह भी प्रावधान की प्राकृति के हैं।

(iii). आईजीटीपीएल के वार्षिक लेखे टिप्पणी 23 - अन्य व्यय के अंतर्गत 185.90 लाख रु. और 1803.10 लाख रु. वित्तीय आस्तियों और देयताओं की वसूली और परिवर्तन पर विनिमय हानि के रूप में दर्शाया गया है। वास्तविक भुगतान विदेशी मुद्रा विनियम दर पर होने वाले लाभ अथवा हानि को प्रशुल्क निर्धारण के दौरान लागत के रूप में लिया गया। ऋण/आस्ति/व्यय के पुनर्बहाल के हवाले से होने वाले विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ या हानि को प्रशुल्क निर्धारण के समय सुविचार में नहीं लिया जाता। इसी प्रक्रिया को तत्कालीन प्रशुल्क दिशानिर्देश 2015 के अंतर्गत शासित सभी बीओटी प्रचालकों द्वारा समान रूप से अनुपालन किया जाता है। इस संबध में आईजीटीपीएल ने स्पष्ट किया है कि आईजीटीपीएल ने वित्तीय वर्ष 2014-15 में एडीसीबी से (50,000,000 अमरीकी डालर) और स्टैंडर्ड चार्टड से (15,000,000 अमरीकी डालर) ईसीबी ऋण लिया है जो कुल मिला कर 65,000,000 अमरीकी डालर बनते है। इन ऋणों को डीपी वर्ल्ड लिमिटेड दुबई से निगमित गारंटी अधीन हैं। उक्त निगमित गारंटी के प्रति एडीसीबी के बकाया ऋण पर डीपी वर्ल्ड लि. को @1.5% प्रति वर्ष की दर से मासिक आधार पर कमीशन दिया जाता है। जैसा वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 12 में दिखाया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में ईसीबी ऋणों को चालू विनियम दर पर पुनर्लेखन किया जाता है तथा अप्राप्य लाभ/हानि को, तत्कालीन आईजीएएपी के अंतर्गत लेखांकन मानक 11 के अनुपालन में, लाभ-हानि खाते को डेबिट किया जाता है।

आईजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के दौरान ऋणों के पुनर्भुगतान, प्रबंधन शुल्क तथा गारंटी कमीशन के भुगतान के कारण होने वाले वास्तविक विदेशी मुद्रा के लाभ/हानि का विस्तार से परिकलन भी प्रस्तुत किया है। जो व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित है। जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक और फिर वर्ष 2016-17 से 2018-19 के दो वर्षों के पुनर्भुगतानों के संबंध में विदेशी मुद्रा के वास्तविक लाभ/हानि, आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत गणना के आधार पर, की सार स्थिति इस प्रकार है:-

(लाख रु. में)

क्र.सं.	मद	वि.व. 2015-16 (जनवरी- मार्च)	वि.व. 2016-17	वि.व. 2017-18	वि.व. 2018-19
(i).	डीपी वर्ल्ड लिमिटेड को गारंटी कमीशन के भुगतान पर	(8.41)	(31.40)	5.52	(29.32)
(ii).	डीपी वर्ल्ड को प्रबंधन शुल्क के भुगतान पर	0.00	(26.82)	36.93	(2,362.45)
(iii)	**विदेशी देयताओं के पुनर्भुगतान पर कुल विनिमय दर हानि (i) +(ii)**	**(8.41)**	**(58.22)**	**42.45**	**(2,391.77)**
(iv).	ईसीबी ऋण के पुनर्भुगतान पर	-	(116.68)	(203.24)	(425.97)
(v)	**कुल विनिमय दर लाभ /(हानि) (iii +iv)**	**(8.41)**	**(174.90)**	**(160.79)**	**(2,817.74)**
	आईजीटीपीएल द्वारा एआरआर परिकलन में सुविचारित वास्विक भुगतान पर विदेशी मुद्रा हानि		**(183.31) 2015-16 जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक) का [174.90+8.41**	**(160.79)**	**(2,817.74)**

आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत व्यवसायरत सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित वास्तविक भुगतान से होने वाले विदेशी मुद्रा हानि के विस्तृत परिकलन पर भरोसा करते हुए, उसे वर्ष 2016-17 में हल्के से सुधार के साथ सुविचार में लिया जाता है। आईजीटीपीएल ने वर्ष 2015-16 के यानी जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक की हानि के 8.41 लाख रु. की विदेशी मुद्रा हानि को भी जोड़ा है। प्रशुल्क संशोधन के लिए आईजीटीपीएल द्वारा दायर प्रस्ताव वाई1, वाई2 और वाई3 को 2016-17, 2017-18 और 2018-19 को एआरआर परिकलन के लिए लेखबद्ध करता है। अत: वर्ष 2015-16 (जनवरी से मार्च 2016) में वास्तविक भुगतान पर विदेशी मुद्रा हानि के 8.41 लाख रु. को वर्ष 2016-17 के लिए सुविचार में नहीं लिया जा सकता, इसलिए अपवर्जित किया जाता है। लेकिन, इसे वर्ष 2015-16 के आकलनों की समीक्षा के दौरान, वास्तविकों के साथ तुलना के समय, लेखबद्ध किया जा सकता है, जैसी आगामी पैराओं में चर्चा की गई है। उक्त आशोधन के अधीन, एआरआर परिकलन में सुविचारित, वास्तविक भुगतान से होने वाली विदेशी मुद्रा की हानि वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए क्रमश: 174.90 लाख रु., 160.79 लाख रु. और 2817.74 लाख रु. होती

(iv). वर्ष 2016-17 के वार्षिक लेखे शीर्ष अन्य व्यय के अंतर्गत 1504.3 लाख रु. के विविध व्यय दर्शा रहे हैं। टिप्पणी संख्या 24 **(ii)** बताती है कि यह लाइसेंस करार के दायित्व को निर्वहन करने में लाइसेंस प्रदाता को आरोप्य व्यापार में हानि के लिए आईजीटीपीएल द्वारा सीओपीटी पर किये गए दावे के हैं जिन्हें मई 2017 में आईजीटीपीएल के पक्ष पंचार अवार्ड के आधार पर वर्ष 2016-17 में लेखबद्ध किया गया। कृपया इस मद को अपवर्जित करें। यह स्पष्ट करें कि यह प्राकृति में प्रचालन व्यय कैसे है। आईजीटीपीएल द्वारा सीओपीटी पर किया गया दावा प्राप्त होने पर आईजीटीपीएल की आय होगी। इसे व्यय कैसे समझा गया**?** आखिरकार यह प्राप्तव्य ही हो सकता है। आईजीटीपीएल और लाइसेंस प्रदात्ता पत्तन दोनों को ही इस मद को स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में आईजीटीपीएल ने स्पष्ट किया कि आईजीटीपीएल ने हानि के लिए सीओपीटी के विरूद्ध विधिक कार्रवाई आरंभ की थी, उन दावों में एक दावा फरवरी 2011 से दिसंबर 2015 तक सीआईएसएफ कार्मियों की तैनाती की लागत का दावा भी शामिल था। सीओपीटी द्वारा किया गया कुल दावा 18.20 करोड़ रु. था जबकि आईजीटीपीएल ने इसे अपनी बहियों में 15.03 करोड़ रु. प्रबुद्ध मामले के रूप में, ही दर्शाये थे। इसके अतिरिक्त, 12 मई, 2017 के पंचाट अवार्ड के अनुसार, यह निर्णय दिया गया कि सीआईएसएफ की तैनाती की लागत आईजीटीपीएल द्वारा वहन की जायेगी। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आईजीटीपीएल द्वारा 15.03 करोड़ रु. का प्रावधान, प्रबुद्ध मामले के रूप में, और स्वतंत्र विधिक राय के आधार पर किया गया था।

लेकिन इस संबंध में, सीओपीटी ने बताया कि भारत के महान्यायवादी की विशिष्ट राय के आधार पर, सीओपीटी ने माननीय जिला न्यायालय, एर्नाकुलम में 16.08.2017 को पंचाट ट्रिब्यूनल के 12.05.2017 आदेश के विरूद्ध याचिका दायर की। चूंकि दोनों में से किसी के भी पक्ष में राशि का निर्णय नहीं दिया गया अत: आईजीटीपीएल का 2016-17 में लाभ की हानि सही नहीं है।

पत्तन द्वारा बतायी गई स्थिति को देखते हुए, और इस बात को मान्य करते हुए कि आईजीटीपीएल ने इस मद को लाभ की हानि के प्रावधान के रूप में, लेखबद्ध किया है, इस मद को वर्तमान प्रशुलक संशोधन विवेचना में एआरआर परिकलन में व्यय की मद के रूप में सुविचार में नहीं लिया जा सकता। यह प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.3.1 (ii) में आता है जो यह अनुबद्ध करता है कि अप्राप्य और संदिग्ध उधारों के प्रावधान को एआरआर परिकलन में नहीं लिया जा सकता। अत:, एआरआर परिकलन को वर्ष 2016-17 के कुल व्यय में से 1504.30 लाख रु. को अपवर्जित करके उस हद तक आशोधित किया जाता है।

(v). खंड 2.3.2 अनुबद्ध करता है कि आंकडों को शामिल करते हुए आवश्यक समायोजन किया जाना होगा। आईजीटीपीएल के लेखपरीक्षित लेखे इंड एएस के अनुसार हैं। आईजीटीपीएल ने मूल्यह्रास तथा ऋण शोधन और सीओपीटी को भुगतान किया गया पट्टा किराश में आवश्यक समंजन किये हैं ताकि इन मदों को आईजीएएपी के अनुसार लेखबद्ध किया जा सके और दिशानिर्देशों की स्थिति का अनुपालन हो सके। आईजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 के प्रत्येक वर्ष के लिए मूल्यह्रास में 3.67 लाख रु. की घटौती का समायोजन दर्शाया है। इसके अतिरिक्त, आईजीटीपीएल ने इंडएएस से आईजीएएपी में जाने के लिए पट्टा किराये में वर्ष 2016-17 से 2018-19 में क्रमश: 8.72 लाख रु., 7.99 लाख रु. और 8.42 लाख रु. जोडते हुए आवश्यक समंजन किया है। सीओपीटी ने बताया है कि आईजीटीपीएल द्वारा भुगतान किया गया वास्तविक पट्टा किराया वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक क्रमश: 11.19 लाख रु. (2015-16 के बकाये सहित) 8.01 लाख रु. तथा 8.29 लाख रु. है। सीओपीटी और आईजीटीपीएल के आंकड़ों में हल्का सा अंतर है। विश्लेषण के प्रयोजन से, वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के पट्टा किराये के आईजीटीपीएल द्वारा दिये गए आंकडों पर सुविचार किया जाता है जो व्यवसायरत सनदी लेखाकार से प्रमाणित हैं। आईजीटीपीएल ने फार्म 6क में वांछित गणना प्रस्तुत की है यह भी व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित है।

(ग). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 और कार्यकारी दिशानिर्देश के खंड 2.2, 2.3.1 और 2.3.2 में निर्धारित उपबंधों का अनुपालन करते हुए और समंजनों के आधार पर, जैसी ऊपर चर्चा की गई है, आईजीटीपीएल वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए 13,718.98 लाख रु. पर पहुंचा है। उक्त आशोधनों को ध्यान में रखते हुए प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 4 में निर्धारित अनुबद्धताओं के अनुसार आशोधित औसत व्यय 13,214.74 लाख रु. निकलता है।

(iv). (क). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.5 के अनुसार नियोजित पूंजी में एकल अचल परिसंपत्तियां (संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर); (भारतीय सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धातों, (आईजीएएपी) के अनुसार निर्धारित), जमा वर्ष 3 के 31 मार्च/31 दिसंबर के अनुसार प्रगतिधीन पूंजीगत कार्य को लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में आईएनडी एएस के अधीन प्रतिवेदित आंकडों को कार्यशील पूंजी से पुन:उल्लिखित किया जाएगा तथा निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यशील पूंजी शामिल हैं। वर्ष 2018-19 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे इंडएएस के अंतर्गत 1,755.19 करोड रु. की सकल स्थायी मूर्त आस्तियां दर्शा रहे हैं। आईजीटीपीएल ने प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.5 में निर्धारित उपबंधों के अनुरूप आईजीएएपी के अनुसार 1,112.69 करोड़ रु. की सकल स्थायी आस्तियों पर सुविचार किया है। आईजीटीपीएल ने यह भी पुष्टि की है कि सकल स्थायी आस्तियों में भू-प्रयोग अधिकार से संबंधित अमूर्त आस्तियां शामिल नहीं हैं क्योंकि आईजीएएपी के अनुसार एआरआर परिकलन में पट्टा किराये को लेखबद्ध करने के लिए उपयुक्त समंजन किये गए हैं। आईजीटीपीएल ने आईजीएएपी के अलुसार सकल स्थायी आस्तियों देते हुए, व्यवसायरत सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित फार्म 7 प्रस्तुत किया है। आईजीटीपीएल ने इस संबंध में समाधान विवरण भी प्रस्तुत किया है। आईजीटीपीएल द्वारा आईजीएएपी के अनुसार 2018-19 को सुविचारित सकल स्थायी आस्तियां व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित हैं इसलिए भरोसा किया जाता है और सुविचार में लिया गया है।

आईजीटीपीएल ने वर्ष 2018-19 के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के अनुसार पूंजीगत प्रगति अधीन कार्य को सुविचार में नहीं लिया है।

(ख). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.6 के अनुसार कार्यशील पूंजी में मालसूची, विविध देनदार और रोकड शेष शामिल होते हैं। आईजीटीपीएल वर्ष 2018-19 के दौरान माल सूची खपत का ब्यौरा दिया है और निर्धारित मानक के अनुसार कार्यशील पूंजी के परिकलन में 6 महीने पर विचार किया है। रोकड़ शेष को प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2019 के खंड 2.6 में निर्धारित मानक के अनुसार परिकलित किया गया प्रतीत होता है। प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.6 और कार्यकारी दिशानिर्देशों में दिये गए उपबंधों का अनुपालन करते हुए, आईजीटीपीएल 1085.61 लाख रु. की कार्यशील पूंजी पर पहुंचा है। इस पर सुविचार किया जाता है।

(ग). आईजीटीपीएल द्वारा परिकलित कुल पूंजी 1123.55 करोड़ रु. है [अर्थात् सकल स्थायी आस्तियां 1,112.69 करोड़ रु. + 10.86 करोड़ रु.] है। नियोजित पूंजी पर 16% की दर से प्रतिफल (आरओसीई) 179.77 करोड़ रु. है। इसे हिसाब में लिया जाता है।

(v). एआरआर में 2016-17 से 2018-19 के तीन वित्तीय वर्षों का व्यय का औसत जमा 16% आरओसीई शामिल है। आईजीटीपीएल द्वारा निकाला गया एआरआर 316.96 करोड़ रु. (137.19 करोड़ रु. + 179.77 करोड़ रु.)। हमारे द्वारा निकाला गया आशोधित एआरआर 311.92 करोड़ रु. (132.15 करोड़ रु. + 179.77 करोड़ रु.)। इसके अतिरिक्त, प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.8 के अनुसार, कथित एआरआर को वर्ष 2019-20 के लिए डब्ल्यूपीआई के @ 100% पर सूचकांकित किया जाना है जो 4.26% है। आईजीटीपीएल द्वारा सूचकांकित अधिकतम निर्धारित एआरआर 4.26% सूचकांकन लागू करने पर, 330.46 करोड़ रु. है। हमारे द्वारा परिकलित आशोधित एआरआर के अनुसार वर्ष 2019-20 के लिए आशोधित सूचकांकित अधिकतम एआरआर 324.20 करोड़ रु. बनता है। (311.92 करोड़ रु. x 1.0426)। इसमें पूर्वावधि समायोजन शामिल नहीं है। पूर्वावधि से संबंधित विश्लेषण पर आगामी पैराओं में चर्चा की गई है।

आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत एआरआर परिकलन की अंतिम विस्तृत गणना जो व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित है, पर भरोसा किया जाता है। यह मामूली से आशोधन के अधीन है, जैसा ऊपर बताया गया है। आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत विस्तृत एआरआर परिकलन और आशोधित एआरआर परिकलन, जैसी ऊपर चर्चा की गई है, क्रमश: **अनुलग्नक –1(क) और (ख)** पर संलग्न है।

(vi). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 का खंड 3.1.2 अनुबद्ध करता है कि उन बीओटी प्रचालकों के मामले में जो इस प्राधिकरण के पिछले आदेश के विरूद्ध न्यायालय नहीं गए, पूर्वावधि अतिरेक/घाटा को प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के अंतर्गत पहले प्रशुल्क आदेश निर्धारित के दौरान प्रशुल्क निर्धारण की अवधि तक प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के खंड 2.13 के अनुसार किया जायेगा।

आईजीटीपीएल ने 2016-17 से 2018-19 की पूर्वावधि के लिए पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित आकलनों और प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के खंड 2.13 के साथ पठित प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 3.1.2 के अनुरूप वास्तविकों की समीक्षा करते हुए लागत विवरण प्रस्तुत किया है। पिछली अवधि के वासुतविकों के साथ आईजीटीपीएल द्वारा वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए प्रस्तुत आकलनों की पूर्वावधि समीक्षा आशोधित/सुधार किया जाता है जिसके कारण आगामी पैराओं में किये गए विश्लेषण में स्पष्ट किये गए है।

(vii). विश्लेषण इस प्रकार है:

(क). वर्ष 2016-17 से 2018-19 की अवधि के दौरान आईजीटीपीएल द्वारा प्रहस्तित वास्तविक यातायात क्रमश: 4.91, 5.56 और 5.95 लाख टीईयू है कुल मिलाकर 16.42 लाख टीईयू बनता है जबकि सितंबर 2016 के प्रशुल्क आदेश में आकलित सदृश अवधि के लिए यह क्रमश: 4.71, 5.54 और 6.23 लाख टीईयू के साथ कुल 16.48 लाख टीईयू था।

सीओपीटी द्वारा सूचित आईजीटीपीएल का कुल वास्तविक यातायात वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए 16.42 लाख टीईयू है जो आईजीटीपीएल द्वारा सूचित 16.48 लाख टीईयू के वास्तविक कुल यातायात से थोड़ा सा विचलित है। इस विश्लेषण के प्रयोजन से, आईजीटीपीएल द्वारा सूचित वास्तविक यातायात पर विचार किया जाता है।

वास्तविक निष्पादन में 0.41% का नकारात्मक परिवर्तन है जिसे +/-20% से कम पाया जाता है।

(ख). वर्ष 2016-17 के लिए पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित आय का आकलन 5 महीने के लिए समंजित किया गया था यानी नवंबर, 2016 से 31 मार्च, 2017 की अवधि के लिए और वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए यथानुपात आधार पर जिससे सितंबर, 2016 के प्रशुल्क आदेश में मंजूर की गई प्रशुल्क वृद्धि के प्रभाव के लेखबद्ध किया जा सके और आदेश के कार्यान्वियन की तारीख से वास्तविक आय के साथ तुल्य तलना हो सके।

पोत परिवहन मंत्रालय ने अपने 12 जून, 2015 के पत्र के द्वारा भारत के महान्यायवादी की राय संसूचित की है कि प्रचालक द्वारा अर्जित वास्तविक आय की गणना उनके लेखापरीक्षित लेखाओं के आधार पर सुविचार में ली जानी चाहिए न कि काल्पनिक आय के आधार पर। इसलिए, पूर्वावधि के विश्लेषण के प्रयोजन से, वार्षिक लेखाओं में दी गई वास्तविक को सुविचार में लिया जाता है।

(ग). आईजीटीपीएल ने उनके द्वारा तैयार किये गए लागत विवरण में पूर्वावधि के लिए मूल्यह्रास के आंकड़े पर सुविचार आईजीएएपी के अनुसार लिया गया है। उसे इस आधार पर सुविचार में लिया गया है कि पिछले संशोधन के दौरान तैयार किया गया लागत विवरण उन आकलनों के आधार पर किया गया था जो आईजीएएपी पर आधारित था। वर्ष 2016-17 से आईजीटीपीएल ने लेखांकन की इंडएएस विधि को अपनाया। परंतु, सदृश तुलना के लिए, जैसा आईजीटीपीएल ने किया है, आईजीएएपी के अंतर्गत मूल्यह्रास के आंकडे व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित हैं, आईजीटीपीएल द्वारा किये गए अनुसार सुविचारित हैं।

(घ). यह देखा जाता है कि आईजीटीपीएल ने इंड एएस से आईजीएएपी में पट्टा किराये का आवश्यक समंजन वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए क्रमश: 8.72 लाख रु., 7.99 लाख रु. और 8.42 लाख रु. जोड़ कर किया है। चूंकि पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान वर्ष 2016-17 से 2018-19 के आकलन आईजीटीपीएल द्वारा तब अपनायी जा रही लेखांकन विधि आईजीएएपी पर आधारित थे, उसी अवधि के लिए वास्तविक और आकलनों की तुलना करते समय पट्टा किराया, आईजीटीपीएल द्वारा यथाप्रस्तुत, सुविचार में लिया जाता है। जैसा पहले बताया गया है, विश्लेषण के प्रयोजन से वर्ष 2016-17 से 2018-19 के पट्टा किराये, आईजीटीपीएल द्वारा यथा प्रस्तुत, व्यवसायरत सनदी लेखाकार से प्रमाणित है, सुविचार में लिया जाता है।

(**ङ**). यह पाया गया है कि आईजीटीपीएल ने अप्राव्य और संदिग्ध ऋणों के प्रावधान, कम खपत की मालसूची का प्रावधान और वित्तीय आस्तियों पर क्षति हानि के लिए प्रावधान को वर्ष 2016-17 से 2018-19 के पूर्वावधि लागत विवरण में आवश्यक समंजन नहीं किया है यद्यपि उन्होंने एआरआर परिकलन में इन मदों को अपवर्जित करने के लिए आवश्यक समायोजन किये हैं। अत: हमारे द्वारा तैयार किये गए पूर्वावधि लागत विवरण में से उक्त मदों को वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के वर्षों से अपवर्जित कर दिया है। पूर्व के पैराओं में स्पष्ट किये गए कारणों से वर्ष 2016-17 में सीआईएसएफ की तैनाती के लिए 15.04 करोड़ रु. के उपबंध को भी वर्जित किया जाता है।

(च). आईजीटीपीएल ने लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में विदेशी मुद्रा लाभ/हानि के निवल प्रभाव को वर्जित कर दिया है और वर्ष 2016-17 से 2018-19 के दौरान वास्तविक भुगतान से होने वाले विदेशी मुद्रा लाभ/हानि को अलग से लेखबद्ध किया है। इस संबंध में आईजीटीपीएल द्वारा किये गए समायोजनों पर सुविचार किया जाता है। जैसा पहले बताया गया है कि आईजीटीपीएल ने वर्ष 2015-16 में (जनवरी 2015 से मार्च 2016 तक) 8.41 लाख रु. की विदेशी मुद्रा हानि को लेखबद्ध किया है, जिसे कथित तीन महीनों के वास्तविकों की समीक्षा करते समय सुविचार में लिया जाता है, जिस पर आगामी पैराओं में चर्चा की जाती है।

(छ). आईजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 के प्रत्येक वर्ष के लिए सीओपीटी को भुगतान किये गए राजस्व हिस्से को, प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 और प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के अनुरूप वर्जित कर दिया है।

(ज). आईजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 के प्रत्येक वर्ष के लिए, इस प्राधिकरण द्वारा अपनायी जा रही सामान्य पद्धति के अनुरूप ऋणों पर ब्याज को भी वर्जित कर दिया है।

(झ). अन्य सभी लागत मदों को वार्षिक लेखाओं के अनुसार सुविचार में लिया जाता है। व्यय की ओर, इन वर्षों के लिए वास्तविक समग्र व्यय 12,937.28 लाख रु. है जबकि पिछले आदेश में यह 12,667.74 लाख रु. था। इस प्रकार, कुल वास्तविक व्यय पिछले आदेश में आकलित व्यय की तुलना में 2.13% का नकारात्मक परिवर्तन दर्शाता है।

(ञ). पिछले प्रशुल्क आदेश के दौरान सुविचारित नियोजित पूंजी तत्समय लागू प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के अंतर्गत यथानिर्धारित मानकों के अनुसार, निवल स्थायी आस्तियां + कार्यशील पूजी है। वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में निवल स्थायी आस्तियां इंडएएस पर आधारित है। आईजीटीपीएल ने आरओसीई परिकलन के प्रयोजन से वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए नियोजित पूंजी क्रमश: 67,358.25 लाख रु., 62,425.74 लाख रु. और 57,380.66 लाख रु. सुविचार में ली है। आईजीटीपीएल द्वारा सुविचारित नियोजित पूंजी का समर्थन गणना के द्वारा दिया है। लेकिन, आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत, व्यवसायरत सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित, निवल स्थायी आस्तियां आइ्‍जीएएपी के अंतर्गत, वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक क्रमश: 66,353.38 लाख रु., 61,009.14 लाख रु. और 55,692.67 लाख रु. हैं। को सुविचार में लिया जाता है जिससे पिछले प्रशुल्क संशोधन के दौरान सुविचारित निवल स्थायी आस्तियों के आकलन की सदृश तुलना हो सके जो आईजीटीपीएल द्वारा तब अनुपालन किये जा रहे लेखांकन के आईजीएएपी विधि पर ही आधारित हैं।

कार्यशील पूंजी पर सुविचार मानकों के अनुसार हैं। खपत हुए भंडार और स्पेयर्स को प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 में निर्धारित मानकों के अनुसार लेखबद्ध किया गया है। रोकड़ शेष को दिशानिर्देशों की स्थिति के अनुरूप एक महीने के रोकड़ व्यय के अनुसार विचार में लिया गया है। चालू देयताएं संबंधित वर्षों के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं दर्शाये गए अनुसार सुविचारित हैं। उक्त समायोजनों के अधीन कार्यशील पूंजी नकारात्मक है अत: शून्य समझी जाती है।

इस प्रकार, आशोधित नियोजित पूंजी वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के वर्षों के लिए क्रमश: 66,353.38 लाख रु., 61,009.14 लाख रु. और 55,692.67 लाख रु. मात्र आस्तियों के निवल ब्लाक युक्त हैं।

(ट). 2016-17 से 2018-19 के आकलन और समान अवधि के वास्तविकों की समीक्षा के लागत विवरण की प्रति **अलुनग्नक-**II के रूप में संलग्न है।

(ठ). पिछले प्रशुल्क आदेश में सुविचारित वास्तविकों की आकलनों के साथ तुलना का सार नीचे सारणीबद्ध किया जाता है:-

(रु. करोड़ में)

विवरण	2016-17 से 2018-19 वर्षों का पूर्णयोग स्पष्ट शब्दों में		परिवर्तन % में
	प्रति प्रशुल्क आदेश के अनुसार आकलन	वास्तविक	
यातायात (टीईयू में)	16.48	16.41	(0.41%)
कुल प्रचालन आय	841.48*	758.15	(9.90%)
कुल व्यय, एफएमई घटा एफएमआई, मूल्यह्रास और उपरिव्यय सहित	365.66	394.98	8.02%
प्रतिफल से पूर्व अतिरेक/घाटा	475.82	363.16	--
नियोजित पूंजी (औसत)	643.71	610.19	(5.21%)
नियोजित पूंजी पर 16% प्रतिफल	308.98	292.89	(5.21%)
आरओसीई पश्च निवल अतिरेक (पूर्व अतिरेक के समंजन से पूर्व)	166.84	70.28	--
पूर्वावधि के लिए पिछले प्रशुल्क आदेश में किया गया कुल समंजन और जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक आकलित निवल घाटा।	(163.79) + (2.99)	--	--
पूर्वावधि हानियों के समंजन के पश्चात् निवल अतिरेक/घाटा।	0.07	--	--

* *प्रचालन आय के आकलनों को सितम्बर 2016 के प्रशुल्क आदेश में नवम्बर 2016 से 31 मार्च 2019 तक प्रदान की गई प्रशुल्क वृद्धि के प्रभाव को दर्शाने के लिए अद्यतन किया गया है।*

(ड). 2016-17 से 2018-19 तक की अवधि से संबंधित पिछली अवधि के संदर्भ में विश्लेषण से प्राप्त तथ्य नीचे दिए गए हैं:

(i). 2016-17 से 2018-19 की अवधि के दौरान आईजीटीपीएल ने आकलित 16.41 लाख टीईयू यातायात के स्थान पर वास्तव में कुल 16.48 टीईयू यातायात का प्रहस्तन किया है। वास्तविक प्रतिमानों में परिवर्तन अर्थात् वास्तव में प्रहस्तन किए गए यातायात में अनुमानों की तुलना में 0.41% की कमी आई है।

(ii). आईजीटीपीएल द्वारा इसी अवधि के लिए अर्जित प्रचालन आय 848.48 करोड रु. के आकलन स्थान पर 758.15 करोड रु. है जिससे 9.90% का नकारात्मक अंतर आया।

(iii). व्यय में, 2016-17 से 2018-19 की अवधि के लिए पिछले आदेश में आकलन किए गए 365.66 करोड रु. के स्थान पर वास्तविक कुल व्यय 394.98 करोड रु. है। इस प्रकार यह कुल वास्तविक व्यय पिछले आदेश में आकलित व्यय की तुलना में 8.02% का सकारात्मक अंतर दर्शा रहा है।

(iv). 2016-17 से 2018-19 की अवधि के दौरान आकलित 643.71 करोड रु के औसत पूंजी निवेश के स्थान 610.19 करोड रु. की औसत पूंजी निवेश की गई। औसत पूंजी निवेश में 5.21% का नकारात्मक अंतर है।

(v). हमारे द्वारा पिछली अवधि के लिये तैयार किए गए आशोधित लागत विवरण के अनुसार आईजीटीपीएल ने 2016-17 से 2018-19 की अवधि के दौरान ग्राह्य लागत और 16% आरओसीई के पश्चात 70.28 करोड रु. का कुल अतिरेक अर्जित किया है।

(vi). जब हम उक्त तीन वर्षों के लिए आईजीटीपीएल द्वारा अर्जित औसत आरओसीई के निर्धारण के लिए आरओसीई पूर्व स्थिति को देखते हैं, हमारे द्वारा तैयार किये गए लागत विवरण से यह पता चलता है कि आईजीटीपीएल ने 2016-17 से 2018-19 तक की अवधि के लिए नियोजित पूंजी पर प्रतिफल पूर्व कुल 363.16 करोड़ रु. का अतिरेक अर्जित किया है। इस प्रकार, औसत नियोजित पूंजी पर अर्जित औसत वार्षिक प्रतिफल 19.84% निकलता है, जैसा नीचे की सारणी में दर्शाया गया है:-

(रु. करोड़ में)

विवरण	2016-17	2017-18	2018-19	औसत
प्रतिफल पूर्व वास्तविक अतिरेक/घाटा	102.73	130.94	129.50	363.17 (कुल) 121.06 (औसत)
वास्तविक नियोजित पूंजी	663.53	610.09	556.93	610.18 (औसत)
नियोजित पूंजी पर वास्तविक प्रतिफल	15.48%	21.46%	23.25%	19.84%

(vii). प्रशुल्क दिशानिर्देश के खंड 2.13 के अनुसार, पिछली प्रशुल्क अवधि की वास्तविक भौतिक एवं वित्तीय निष्पादन की समीक्षा में + अथवा - 20% से अधिक भिन्नता होती है तो तब ऐसे उपार्जित लाभ/हानि को अगली प्रशुल्क अवधि में समायोजित किया जाए। पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा संप्रेषित महालेखा परीक्षक की राय के अनुसार भौतिक एवं वित्तीय प्रतिमानों मे भिन्नता खंड 2.13 के उद्देश्यार्थ ध्यान रखा जाए। इसके अतिरिक्त, महालेखा परीक्षक की राय के अनुसार, यदि भौतिक एवं वित्तीय प्रतिमानों में भिन्नता 20% से अधिक होती है तो प्रचालक को 20% अधिशेष रखने की अनुमति होगी। केवल वही अतिरेक जो 20% से अधिक है उसे ही बांटा जा सकता है अर्थात प्रचालक एवं उपयोगकर्ता के मध्य 50:50 की हिस्सेदारी होगी। संक्षेप में, भावी प्रशुल्क में समायोजन पर विचार करते हुए प्रचालक 60% अतिरिक्त अधिशेष रखेगा और उपयोगकर्ता 40% अधिशेष रखेगा।

उक्त विश्लेषण से यह देखा जा सकता है कि, वास्तविक प्रतिमानों में परिवर्तन अर्थात् वास्तविक प्रहस्तित यातायात 20% से कम है यानी 0.41% नकारात्मक और जियोजित पूंजी पर प्रतिफल के संदर्भ में वित्तीय निष्पादन 20% से अधिक है (16% से अधिक पर 20% अंतर 19.20% निकलता है)। जबकि आईजीटीपीएल द्वारा अर्जित आरओसीई 19.84% है जो 20% परिवर्तन से अधिक है। लेकिन, चूंकि दोनों ही प्रतिमानों में परिवर्तन +/- 20% से अधिक नहीं पाया गया है, इसलिए प्रशुल्क दिशानिर्देश 2005 के खंड 2.13 की व्याख्या पर एजी की राय के अनुरूप चालू प्रशुल्क चक्र में पूर्वावधि अतिरेक के समायोजन का कोई मामला नहीं बनता है।

(ढ). पिछले संशोधन के दौरान पूर्वावधि विश्लेषण में वर्ष 2015-16 के लिए सुविचारित आंकडे दिसंबर 2015 तक के थे और प्रशुल्क निर्धारण में सुविचारित जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक के थे जो 2015-16 के अंतरिम लेखाओं पर आधारित थे। आदेश के पैरा 10 (iii) (II) (vii) में यह बताया गया था कि वर्ष 2015-16 के आंकड़ों की समीक्षा वर्ष 2015-16 के अंतिम लेखापरीक्षित लेखाओं के संदर्भ से अगली समीक्षा के दौरान की जायेगी। इस संबंध में आईजीटीपीएल ने वर्ष 2015-16 के वास्तविकों के साथ लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं में दर्शाये आंकड़ों का समाधान भी प्रस्तुत किया है। उन्हें सुविचार में लिया जाता है सिवा उन प्रावधानों के वर्जन से जिन्हें आईजीटीपीएल ने सुविचार में नहीं लिया है। यह 2016-17 से 2018-19 के पूर्वावधि के वास्तविकों की समीक्षा के लिए अपनायी गई पद्धति के अनुरूप है। 2015-16 के वास्तविकों की समीक्षा **अनुलग्नक-II** में अगल से दर्शायी गई है। उक्त अनुलग्नक से यह देखा जा सकता है कि के लिए अपनायी गई पद्धति के अनुरूप लेखापरीखित लेखाओं के अनुसार यातायात और आय के वास्तविकों में और अंतरिम लेखाओं के आधार पर पिछले प्रशुल्क संशोधन में सुविचारित आंकडों में कोई परिवर्तन नहीं है। व्यय और नियोजित पूंजी में 0.12% से 1.5% का नगण्य अंतर है। पिछले प्रशुल्क संशोधन आदेश में पहले ही सुविचारित 22.45 करोड़ रु. के निवल घाटे के प्रति वास्तविक निवल घाटा 24.78 करोड़ रु. है।

(ण). वर्तमान प्रशुल्क चक्र में, वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए वास्तविकों की समीक्षा और पिछले प्रशुल्क आदेश में आकलनों पर सुविचार प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 3.1.2 के अनुसार की गई है। आईजीटीपीएल के मौजूदा दरमानों का 30 सितंबर, 2019 तक विस्तार किया गया था और उन्हें संशोधित दरमानों के प्रभावी होने तक विस्तारित माना जाता है। जब तक संशोधित दरमान प्रभावित होंगे तब तक वित्तीय वर्ष 2020-21 के आरंभ होने के आस-पास का समय होगा। अत: वर्ष 2019-20 के वास्तविकों की समीक्षा भी वर्ष 2019-20 के अंतिम लेखापरीक्षित, लेखाओं के संदर्भ से आगामी समीक्षा के दौरान की जायेगी और प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 3.1.2 में निर्धारित प्रक्रिया को अपनाते हुए समायोजित किया जायेगा।

(viii). जैसा पूर्व के पैराओं में चर्चा की गई है, आशोधित अधिकतम एआरआर वर्ष 2019-20 के लिए 325.50 करोड़ रुपये निकला है। जैसा पहले बताया गया है, वर्तमान प्रशुल्क चक्र में पूर्वावधि समायोजनों का कोई मामला नहीं है।

(ix). (क). प्रशुल्क दिशा-निर्देश 2019 के खंड 2.10 के अनुसार, दरमान प्राप्त करने के लिए बीओटी प्रचालक द्वारा वर्ष वाई1, वाई2, वाई3 के दौरान वास्तविक प्रहस्तित यातायात के औसत पर विचार किया जाएगा जो संबन्धित पत्तन द्वारा विधिवत प्रमाणित होगा। आईजीटीपीएल ने वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए औसत यातायात 5,47,181 टीईयू माना है। कोचीन पत्तन न्यास (सीएचपीटी) ने पुष्टि की है कि यातायात के

आंकडे सही हैं। इसलिये, आईजीटीपीएल द्वारा राजस्व आकलन में वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए सुविचारित औसत यातायात पर भरोसा किया जाता है।

(ख). आईजीटीपीएल द्वारा संशोधित प्रस्ताव में, प्रस्तावित प्रशुल्क वृद्धि, को पूर्व के पैराओं में सारणीबद्ध किया गया है अत: इसे दोहराने की जरूरत नहीं है।

प्रशुल्क दिशा-निर्देश 2019 के खंड 2.11.1 के अनुसार, बीओटी प्रचालक को व्यावसायिक निर्णय के आधार पर बाजार की स्थितियों के अनुसार आकलित एआरआर की सीमा में दरों का निर्धारण करने की छूट है। आईजीटीपीएल का प्रस्ताव दिशानिर्देशों के उपबंधों के अनुरूप है।

संशोधित प्रस्तावित दर पर, आईजीटीपीएल ने 324.67 करोड़ रु. का राजस्व आकलित किया है। आईजीटीपीएल ने राजस्व आकलन की विस्तृत गणना प्रस्तुत की है और दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.11.1 की अपेक्षा के अनुसार वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के लिए प्रस्तावित दरमान की प्रत्येक प्रशुल्क मद को तुलनात्मक औसत यातायात के लिए दर्शाया है। राजस्व आकलन विवरण सनदी लेखाकार से विधिवत् प्रमाणित है। आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत राजस्व आकलन पर भरोसा किया जाता है।

(x). उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत अधिकतम सूचकांकित एआरआर और हमारे द्वारा आशोधित लागत विवरण के आधार पर यथा सुविचारित, नीचे दिया जाता हैं:-

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	आईजीटीपीएल द्वारा प्रस्तुत किए अनुसार एआरआर परिकलन	हमारे द्वारा विचार किए अनुसार एआरआर परिकलन
1	औसत ग्राहय व्यय 2016-17, 2017-18 और 2018-19 [वाई1+वाई2+वाई3]/3	137.19	132.15
2	31.03.2019 तक जारी प्रगतिधीन पूंजीगत कार्य सहित 31.03.2019 तक नियोजित पूंजी और मानदंडों के अनुसार कार्यशील पूंजी	1,123.55	1,123.55
3	नियोजित पूंजी पर 16% की दर से प्रतिफल	179.77	179.77
4	31 मार्च 2019 को एआरआर (4=2+3)	316.96	311.92
5	वर्ष 2019-20 में लागू डब्लूपीआई की 100% की दर से एआरआर का सूचकांकन (वर्ष 2019-20 के लिये 4.26%)	330.46	325.20
6	अधिकतम सूचकांकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर)	330.46	325.20
7	प्रस्तावित दर पर आईजीटीपीएल द्वारा आकलित राजस्व	324.67	324.67
8	राजस्व मे अंतर	5.79	0.53

(xi). जहां तक विलंबित भुगतान और वापसियों पर ब्याज की दांडिक दर का संबंध है, आईजीटीपीएल ने 15% दांडिक ब्याज की दर का प्रस्ताव किया है जो प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 5.4.1 के अनुरूप है और इसलिए अनुमोदित है।

(xii). डालर मूल्यवर्ग प्रशुल्क को रुपयों में परिवर्तित करने से संबंधित सामान्य उपबंधों के अंतर्गत मौजूदा टिप्पणी संख्या vi (क) को आईजीटीपीएल ने प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 5.5.1 के अनुरूप आशोधित किया है इसलिए अनुमोदित है।

(xiii). सामान्य उपबंधों के अंतर्गत मौजूदा टिप्पणी संख्या xiii अनुबद्ध करती है कि प्रयोक्ता की गलती से यदि पोत टर्मिनल पर 2 घंटे से ज्यादा समय तक बेकार खडा रहता है तो 1 लाख रु. प्रति घंटा की उगाही की जायेगी। आईजीटीपीएल ने अब इसे बढ़ाकर 1.25 लाख रु. प्रति घंटा करने का प्रस्ताव किया है जिसे अनुमोदित किया जाता है क्योंकि यह टर्मिनल पर पोतों के बेकार खड़े रहने के भय के लिए है।

(xiv). आईजीटीपीएल ने अनुमोदित दरों पर छूट/रियायत देने की प्रचालक को अधिकतम दरों और शिथिलता से संबंधित मौजूदा टिप्पणी संख्या (xiv) (क) से (ग) को विलुप्त कर दिया है। मौजूदा टिप्पणी संख्या (xiv) (क) से (ग) संशोधित दरमान में भी निर्धारित रखी जायेंगी क्योंकि यह सभी महापत्तन न्यासों और बीओटी प्रचालकों के दरमानों में समान रूप से निर्धारित हैं और ये प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के अनुसार हैं।

(xv). अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार के लिए 08 जून, 2018 के आदेश संख्या टीएएमपी/46/2018-एमयूसी के द्वारा मूल रूप से अनुमोदित दर को इस प्राधिकरण द्वारा दिल्ली- मुंबई औद्योगिक गलियारा विकास निगम (डीएमआईसीडीसी) के

प्रस्ताव के आधार पर और निर्धारित प्रशुल्क को शासित करने वाली संबंधित टिप्पणियों के साथ 24 जुलाई 2019 के आदेश संख्या टीएएमपी/12/2019-एमयूसी द्वारा संशोधित कर दिया गया था। आईजीटीपीएल ने अनिवार्य प्रयोक्ता प्रभार (एमयूसी) के लिए पहले नोट का प्रस्ताव किया है न कि अनुमोदित दरों को शासित करने वाले टिप्पणियों के पूरे सैट को। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि एमयूसी की निर्धारित दरों की वैधता और आईजीटीपीएल की संशोधित दरों की वैधता भिन्न है, यह कहते हुए एक टिप्पणी निर्धारित करना उपयुक्त होगा कि एमयूसी सभी महापत्तनों और बीओटी प्रचालकों के लिए कॉमन अडॉप्शन के लिए प्राधिकरण् द्वारा 24 जुलाई 2019 के कॉमन अडॉप्शन आदेश संख्या टीएएमपी/46/2019-एमयूसी द्वारा शासित होंगे।

(xvi). जोखिमपूर्ण कंटेनरों के भंडारण प्रभार से संबंधित भाग – VIII के अंतर्गत मौजूदा टिप्पणी संख्या 7 को आईजीटीपीएल द्वारा आशोधित किया कि 25% प्रीमियम के स्थान पर 50% उगाहा जायेगा जो कार्यकारी दिशानिर्देश, 2019 के खंड 9.9.3 के अनुरूप है और इसलिए अनुमोदित है।

(xvii). इसके अतिरिक्त, आईजीटीपीएल ने मौजूदा दरमान में यथानिर्धारित सोपाधिकताओं को बनाये रखा है।

(xviii). आईजीटीपीएल को वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर और सीमाशुल्क बोर्ड द्वारा जारी 11 मई 2018 की अधिसूचना संख्या 38/2018-सीमाशुल्क (एनटी) के निबंधन में एक भारतीय पत्तन से दूसरे भारतीय पत्तन को श्रीलंका अथवा बांग्लादेश के सीमांतर्गत जल क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जलयानों और कार्गो के लिए रियायती तटीय प्रशुल्क संबंधी उपबंधों के निर्धारण के बारे में 26 नवंबर 2015 के कॉमन अडाप्शन आदेश संख्या टीएएमपी/53/2015-बीओसीपीटी में 25 सितंबर, 2018 के संशोधन आदेश संख्या टीएएमपी/53/2015-बीओसीपीटी को अंतर्विष्ट करने का अनुरोध किया गया था। उक्त आदेश उन सभी महापत्तन न्यासों और संबंधित बीओटी प्रचालकों के लिए कॉमन अडॉप्शन के लिए पारित किया गया था जिनके दरमानों में संबंधित शर्तें निर्धारित हैं। आईजीटीपीएल ने उक्त कॉमन अडॉप्शन आदेश के अनुरूप उक्त टिप्पणियों को अंतर्विष्ट नहीं किया है। ऐसी स्थिति में इस प्राधिकरण द्वारा 25 सितंबर, 2018 के आदेश के द्वारा यथानुमोदित टिप्पणियां अंतर्विष्ट की जाती हैं।

(xix). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.12 के अनुसार**,** दरमानों को संबंधित वर्ष के 1 जनवरी से 31 दिसंबर**,** के बीच होने वाले थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में भारत सरकार द्वारा घोषित विचलन के 60**%** की सीमा तक मुद्रास्फीति के प्रति वर्ष सूचकांकित किया जायेगा। ऐसे समंजित दरमान संगत वर्ष के 1 मई से लागू होंगे और आगामी वर्ष की 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेंगे। आईजीटीपीएल ने सामान्य उपबंधों के अंतर्गत टिप्पणी संख्या **xiv** का प्रस्ताव किया है कि दरमानों में डब्ल्यूपीआई के 60**%** की सीमा तक पहली वृद्धि 1 मई 2020 होगी और अंतिम 1 मई 2021 को होगी। उनके प्रशुल्क में वार्षिक सूचकांकन संबंधी प्रस्तावित टिप्पणी को मामूली से संशोधन के साथ अनुमोदित किया जाता है। चूंकि दरमानों की वैधता तीन वर्ष के लिये निर्धारित की जाती है इसलिये सूचकांकन के अंतिम वर्ष का विशेष रूप से निर्धारण करने की आवश्यकता नही है। ऐसी स्थिति में**,** प्रस्तावित टिप्पणी को उपयुक्तआशोधन के साथ दरमानों में अंतर्विष्ट किया जाता है।

आईजीटीपीएल ने प्रस्तावित टिप्पणी के अंतिम पैरा में बताया है कि वार्षिक वृद्धि लागू करने के पश्चात् निकला व्यक्तिक प्रशुल्क को एक पैसे के 1/100वें के समान पूर्णांकित किया जायेगा। इसे दो दशमलव तक पूर्णांकित किया जाना चाहिए।

(xx). प्रशुल्क दिशानिर्देश 2019 का खंड 4.9 प्रशुल्क वैधता चक्र को वार्षिक सूचकांकन के अधीन तीन वर्ष के लिए निर्धारित करता है जैसा खंड 2.12 में उल्लिखित है। इसलिए संशोधित दरमान की वैधता संशोधित दरमान के प्रभावी होने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए होगी जो दरमान में निर्धारित वार्षिक सूचकांकन खंड के अधीन होगी।

